केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्

वार्षिक प्रतिवेदन 2000–2001
परीक्षित लेखा

7855
16/6/05

2212
29/8/06

(भारतीय चिकित्सा पद्धतियाँ एवं होम्योपैथी विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार)

615.532

मुद्रक: युगान्तर प्रकाशन प्रा. लि., मायापुरी, नई दिल्ली - 110 064 दूरभाष: 28115949, 28116018

विषय सूची

विषय	पृष्ठ संख्या
प्रमुख आकर्षण	1
बैठकें	7
कार्यशिविर / सेमिनार प्रदर्शनिया	7
प्रशासनिक	11
– संगठन	11
– शासी निकाय	11
– स्थायी वित्तिय समिति	12
– वैज्ञानिक सलाहकार समिति	13
– के.हो.अ.प. पुर्नगठन उपसमिति	14
– साहित्यिक अनुसंधान उपसमिति	14
– के.हो.अ.प. का संगठनात्मक ढांचा	15
– परिषद में अनुसूचित जाति / जनजाति का प्रतिनिधित्व	16
– के.हो.अ.प. के बाह्य / अंतरंग रोग विभागों द्वारा चिकित्सा सहायता	17
तकनीकी प्रतिवेदन	
नैदानिक अनुसंधान कार्यक्रम	18
1. अमीबा रूग्णता	19
सामान्य क्षेत्र में	
जनजातीय क्षेत्र में	
2. संधि शोथ	21
जनजातीय क्षेत्र में	
3. आचरण दोष	21
सामान्य क्षेत्र में	
4. मंदबुद्धि बच्चों में आचरण दोष	22
सामान्य क्षेत्र में	
5. श्वसनिका दमा	23
सामान्य क्षेत्र में	
जनजातीय क्षेत्र में	
6. श्वसनी शोथ	25
जनजातीय क्षेत्र में	

7. ग्रैव अपकशेरूता
   सामान्य क्षेत्र में — 25
8. गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ
   सामान्य क्षेत्र में — 26
   जनजातीय क्षेत्र में
9. मधुमेह
   सामान्य क्षेत्र में — 27
   जनजातीय क्षेत्र में
10. शिशुदस्त रोग
   सामान्य क्षेत्र में — 29
11. पेचिश
   सामान्य क्षेत्र में — 30
   जनजातीय क्षेत्र में
12. अपस्मार (मिरगी रोग)
   सामान्य क्षेत्र में — 31
13. फाइलेरिया
   सामान्य क्षेत्र में — 32
   जनजातीय क्षेत्र में
14. पित्तीय पथरी
   सामान्य क्षेत्र में — 35
15. जठरशोथ
   सामान्य क्षेत्र में — 35
16. जठरांत्रशोथ
   जनजातीय क्षेत्र में — 35
17. जियार्डिया रूग्णता
   सामान्य क्षेत्र में — 36
18. कृमिरूग्णता
   सामान्य क्षेत्र में — 36
   जनजातीय क्षेत्र में
19. यकृतशोथ (बी.)
   सामान्य क्षेत्र में — 37
20. एच.आई.वी. संक्रमण
   सामान्य क्षेत्र में — 37
21. अतिनिम्न घनत्व लाइपोप्रोटीनिमिया
   सामान्य क्षेत्र में — 41
22. उच्च रक्तचाप
   सामान्य क्षेत्र में — 42
23. विरामी ज्वर
   सामान्य क्षेत्र में — 43

24. लौह अल्पताजन्य अरक्तता
   सामान्य क्षेत्र में — 44
25. क्षुब्ध वृहदान्तर संलक्षण
   सामान्य क्षेत्र में — 45
26. जापानी मस्तिष्कशोथ
   सामान्य क्षेत्र में — 45
27. मलेरिया
   सामान्य क्षेत्र में — 46
   जनजातीय क्षेत्र में
28. मानव भ्रूण की कुस्थिति
   सामान्य क्षेत्र में — 47
29. अतिरज
   सामान्य क्षेत्र में — 47
30. अस्थिसन्धिशोथ
   सामान्य क्षेत्र में — 49
   जनजातीय क्षेत्र में
31. पैप्टिक व्रण
   जनजातीय क्षेत्र में — 51
32. पुरस्थ विवर्धन / प्रोस्टेट ग्रन्थि में वृद्धि
   सामान्य क्षेत्र में — 51
33. गुर्दा पथरी
   सामान्य क्षेत्र में — 51
34. रूमेटाइड संधिशोथ
   सामान्य क्षेत्र में — 52
35. नासाशोथ
   जनजातीय क्षेत्र में — 52
36. दात्रलोहितकोशिका अरक्तता
   सामान्य क्षेत्र में — 53
37. वायुविवरशोथ
   सामान्य क्षेत्र में — 54
   जनजातीय क्षेत्र में
38. त्वचा रोग
   सामान्य क्षेत्र में — 55
   जनजातीय क्षेत्र में
39 तुण्डिकाशोथ
   सामान्य क्षेत्र में — 56
   जनजातीय क्षेत्र में
40. ऊपरी श्वासनली संक्रमण
   सामान्य क्षेत्र में — 57

41. प्राथमिक श्वित्र/विटिलिगो
सामान्य क्षेत्र में 58
जनजातीय क्षेत्र में
- महामारियों के दौरान नैदानिक अनुसंधान
- नैदानिक सत्यापन अनुसंधान कार्यक्रम 60
- औषध परीक्षण अनुसंधान कार्यक्रम 61
- औषध अनुसंधान कार्यक्रम 81
औषधीय पादपों का सर्वेक्षण तथा सग्रंहण
- औषध मानकीकरण 84
- प्रलेखन तथा पुस्तकालय 84
- प्रकाशन 88
- भावी योजनाँए 91
- के.हो.अ.प. के अधीन संस्थान/इकाईया 93
लेखा प्रतिवेदन एवं लेखा प्रमाण पत्र 95
लेखा परीक्षित वार्षिक लेखा 96
100–101
102–117

प्रमुख आकर्षण

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद की स्थापना भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग के अधीन एक स्वायत संस्थान के रूप में 30 मार्च 1978 को हुई, जिसका उद्देश्य होम्योपैथी में अनुसंधान को सूत्रीबद्ध, समन्वित, विकसित तथा प्रोत्साहित करना है। इसका पूरा व्यय भारत सरकार वहन करती है। आज यह परिषद होम्योपैथी में संगठित अनुसंधान में कार्यरत देश की एक शीर्ष संस्थान है।

यह परिषद अपने लक्ष्यों तथा कार्यों को देश के विभिन्न भागों में स्थित 51 संस्थानों तथा इकाईयों के माध्यम से कार्यान्वित करती है। यह संस्थान तथा इकाईयां होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान कर रहे हैं। सामान्य तौर पर जिसका वर्गीकरण इस प्रकार किया गया है।

(क) नैदानिक अनुसंधान

(ख) औषध परीक्षण अनुसंधान

(ग) नैदानिक सत्यापन अनुसंधान

(घ) औषध मानकीकरण तथा औषध अनुसंधान

(ड.) औषधीय पौधों का सर्वेक्षण, संग्रहण एवं कृषि

(च) साहित्यिक अनुसंधान

विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों के अन्तर्गत इस वर्ष किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण आगे दिया गया है।

परिषद अपने संस्थानों तथा इकाईयों के बहिरंग व अन्तरंग रोगी विभागों के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सुविधांए प्रदान कर रही है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान 7,04,629 रोगियों का उपचार किया गया। इसमें नये तथा पुराने (सामान्य एवं अनुसंधान वाले) दोनों ही प्रकार के रोगी शामिल हैं।

यद्यपि स्थायी वित्तीय समिति की बैठक रखी गई, परन्तु वैज्ञानिक सलाहकार समिति की कोई बैठक नहीं हुई क्योंकि इस समिति का कार्यकाल मई,2000 में समाप्त हो गया।

नैदानिक अनुसंधान

देश भर में फैले 6 अनुसंधान संस्थानों तथा 13 इकाईयों में 28 रोग संबंधी परियोजनाओं तथा 13 औषध संबंधी परियोजनाओं पर नैदानिक अनुसंधान अध्ययन प्रगति पर है। यहां भारतीय जनसाधारण में आम तौर पर होने वाले रोगों तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण रोगों जैसे फाइलेरिया, मलेरिया एवं एच.आई.वी./एडस पर अध्ययन किया जा रहा है।

केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान कोट्टायम में जुलाई 1991 से मार्च 2000 तक मंदबुद्धि बच्चों में आचरण दोष की परियोजना पर कार्य हुआ जिसका उद्देश्य मंदबुद्धि बच्चों में आचरण दोषों पर होम्योपैथिक चिकित्सा की प्रभावोत्पादकता का पता लगाना था। इस अवधि के दौरान 865 बच्चों पर अध्ययन किया गया। यह मंदबुद्धि बच्चे विशेष विद्यालयों से चुने गये जो इन बच्चों को शिक्षा–संबंधी विशेष सुविधायें प्रदान करते थे। वे मंदबुद्धि बच्चों को विशिष्ट कार्यक्रमों के द्वारा देशी कलाओं एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए तैयार करते हैं। इन 865 बच्चों में से 18 गम्भीर मंदबुद्धि 323 मध्यम तथा 494 कम मंदबुद्धि के थे अधिकतर रोगी आनुवांशिक

कारक (प्रवर्तनपूर्व कारक), जटिल प्रसव के साथ–साथ निम्न आय वर्ग से सम्बन्धित थे। 482 रोगियों में सोरा सबसे प्रबल मियासम पाया गया। नियमित अनुवर्तन से पाया गया कि बैलाडोना, सल्फर, नक्स वोमिका, कैमोमिला, स्ट्रैमोनियम, वैरायटा कार्बोनिका, कैल्केरिया कार्बोनिका, हायोसायमस, पल्साटिला, ट्यूबरक्यूलाइनम, कैल्केरिया फासफोरिका तथा टैरन्टुला हिस्पैनिका होम्योपैथिक दवाओं की मदद से हम इन मंदबुद्धि बच्चों के आचरण को बदल सकते हैं। और उन्हें कुछ हद तक प्रशिक्षणीय एवं आत्मनिर्भर बना सकते हैं।

केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम में 1997 से 2001 तक 98 मिरगी के रोगियों का अनुवर्तन किया गया तथा 72 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर सुधार आया। इनमें से 54 रोगियों में अच्छा खासा सुधार आया, जिनमें से 31 रोगी ग्रैंड माल, 15 रोगी पेटिट माल, 5 रोगी लाक्षणिक एवं 2 उन्मत आक्षेप के थे। 16 रोगियों में मध्यम स्तर पर सुधार आया जिनमें से 8 रोगी ग्रैंड माल, 8 रोगी पेटिट माल के थे। 2 रोगियों मे निम्न स्तर पर सुधार आया जिनमें से 1 रोगी पेटिट माल तथा 1 रोगी जी.टी.सी.ई. का था। इन रोगियों में हायोसायमस 200, कैल्केरिया कार्बोनिका 200, 1 एम, बैलाडोना 200, नक्स वोमिका 30,200,1एम, नक्स मोस्केटा 1एम, कास्टिकम 30, लैकेसिस 30, आर्सेनिकम एल्बम 200 एवं स्ट्रैमोनियम 30 दवायें प्रभावकारी पाई गई।

15 दिसम्बर 1997 से पूर्वी उत्तरप्रदेश के जिला गोरखपुर (जहां जापानी मस्तिष्क ज्वर स्थानिक महामारी है) में जापानी मस्तिष्क ज्वर पर एक प्रारंभिक नियंत्रित अध्ययन प्रारम्भ किया गया। जिसका उददेश्य के.हो.अ.प. द्वारा 1991 में संचालित किए गए अध्ध्ययन को ध्यान में रखते हुए बैलाडोना 200 का जापानी मस्तिष्क ज्वर में रोग निरोधक के रूप में प्रभाव देखना है। इस अध्ययन के लिए एक अनुसंधान पूर्वलेख सूत्रबद्ध किया गया है। प्रारम्भ में इस अध्ययन में दो गांव शामिल किए गये (जहां पिछली महामारियों में जापानी मस्तिष्क ज्वर का प्रकोप बहुत अधिक था)। सभी स्कूली बच्चों को (जो अन्तर्वेशन तथा अपवर्जन मापदण्ड के भीतर आते थे) रोग की चरम सीमा वाले मौसम के एक महीने पहले रोगनिरोधक दवा, बैलाडोना 200 की एक खुराक/साप्ताहिक/मासिक दी गई। एक साथ दो पड़ौसी गावों (नियंत्रण के रूप में) का सर्वेक्षण किया गया।

इन दोनों वर्गों (रोगनिरोधक एवं नियंत्रण) का तीन महीने तक नियन्त्रित साप्ताहिक अनुवर्तन किया गया। इस अवधि के दौरान 1439 बच्चे नियंत्रण के रूप में रखे गये एवं 2043 बच्चों को रोगनिरोधक दवा दी गई। जिन रोगियों का अनुवर्तन किया गया उनमें से किसी में भी संक्रमण के लक्षण नहीं पाये गये। आम जनता को रोग की जानकारी देने के लिए हिन्दी में एक लघु पत्रिका छापी गई जिसमें रोग के कारणों, संवाहक, प्रसारण, मच्छर के विकसित होने के स्थान, मच्छर के काटने के कितने दिन बाद रोग के लक्षण उभरते है,एवं होम्योपैथिक रोगनिरोधक द्वारा कैसे ली जाए, के बारे में बताया गया।

नैदानिक अनुसंधान इकाई, संबलपुर (उड़ीसा) एक जनजातीय आंतरनिवास में चल रही दात्रलोहित कोशिका अरक्तता की परियोजना में यह देखा गया कि ब्रायोनिया 30,200,1 एम, रस टाक्स 200, 1एम, मैगनीशिया फास 6 एक्स, लाइकोपोडियम 30,200, कैल्केरिया कार्बोनिका 30,200,1एम, नैट्रम म्यूरैटिकम 30,200 वैनेडियम 30,200, चैलिडोनियम 30, ट्यूबरक्यूलाइनम 200 इत्यादि होम्योपैथिक दवाऐं रोग के लक्षणों को नियंत्रित करने में इस कदर समर्थ रही कि रोगी सालो तक लक्षणरहित बने रहे हैं।

दात्रलोहित कोशिका अरक्तता के 205 पुराने रोगियों में से 37 रोगी जिन्हे होम्योपैथिक उपचार से पूर्व रक्ताधान दिया गया था, उनमें से केवल 5 रोगियों को और आगे रक्ताधान की आवश्यकता पड़ी एवं 30 रोगियों को और अधिक रक्ताधान नहीं करवाना पड़ा। यह देखा गया कि जिन रोगियों में होम्योपैथिक औषधियों से सुधार आया, उन्हें अपने कष्टों के लिए कम तीव्र औषध जैसे कालमेघ मदर टिंचर की आवश्यकता पड़ी। 81 रोगियों में पिछले 1 से 3 सालों तक 9 रोगियों मे पिछले 3 से 5 सालों तक और 5 रोगियों में पिछले 5 से 9 सालों तक किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं हुई।

गुजरात में भूकम्प पीड़ितों के लिए चिकित्सा सहायता

परिषद ने गुजरात में अहमदाबाद, भरूच और सूरत में भूकम्प से प्रभावित इलाकों में भूकम्प पीड़ितों को चिकित्सा सहायता प्रदान की। क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मुम्बई से एक चिकित्सकों के दल को अहमदाबाद में प्रतिनियुक्त किया गया। 29.1.2001 एवं 30.1.2001 को लगभग 100 अस्थिअंग के रोगियों (जिनका आप्रेशन नहीं हुआ था/हुआ था) की परिचर्या की गई और उन्हे हड्डियों

के जल्दी जुडने और जख्म भरने के लिए होम्योपैथिक चिकित्सा प्रदान की गई। इनमें से कुछ रोगियों में अंतराकशेरूक सम्पीड़न, वातवक्ष, अधरांग आशिंकघात एवं अधरांगघात जैसी जटिलताऐं भी मौजूद थी। आरनिका, सिमफाइटम, हाइपैरिकम, ब्रायोनिया, लेकेसिस स्टैफीसैग्रिया होम्योपैथिक औषधियां रोगियों के कष्टों में राहत पहुंचाने में सहायक रही। यह रोगी सिविल अस्पताल, अहमदाबाद के संचालक द्वारा भेजे गए थे। इस दल ने दवाओं एवं सहायक कर्मचारियों के लिए स्थानीय होम्योपैथिक कालेज की प्रबंध समिति की सहायता ली। नैदानिक अनुसंधान इकाई, भरूच (के.हो.अ.प. के आधीन) से आये एक दल ने भरूच एवं सूरत के प्रभावित इलाकों में भूकम्प पीड़ितों को चिकित्सा सहायता प्रदान की। इस दल ने जिला पंचायत के चिकित्सकों से संपर्क किया एवं सब से बुरी तरह से प्रभावित जम्बूसर तालुका गांव की पहचान की गई जहां 9 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 100 लोग घरों और इमारतों के ढह जाने से घायल हो गये थे। इस गांव में 31 जनवरी से 1 फरवरी 2001 तक खरोंचों, आघात, छोटी–मोटी चोटों, भय मनोविकृति जैसे अनेक कष्टों के लिए 110 रोगियों को होम्योपैथिक चिकित्सा प्रदान की गई और भरूच में 29 एवं 30 जनवरी 2001 को 118 रोगियों का उपचार किया गया।

जनजातीय क्षेत्रों में नैदानिक अनुसंधान

सर्वेक्षण के दौरान देश के विभिन्न जनजातीय आंतरनिवासों में सर्वाधिक व्यापक जिन 18 सामान्य रोगों की पहचान की गई थी, उन पर नैदानिक अनुसंधान इस वर्ष भी जारी रहा। कुछ रोगों जैसे अमीबा–रूग्णता, पेचिश, कृमिरोग, अस्थिसंधिशोथ, नासाशोथ इत्यादि में निर्धारित की गई दवाओं के समूह में से सबसे प्रभावकारी दवाओं की पहचान की गई है। इन दवाओं के विश्वसनीय लक्षणों की भी पहचान की गई है परन्तु इनका और अधिक नैदानिक प्रमाणीकरण किया जा रहा है।

औषध परीक्षण

औषध परीक्षण अथवा होम्योपैथिक रोगोत्पादक परीक्षण (एच.पी.टी.) इस परिषद की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि है। परिषद ने होम्योपैथिक रोगोत्पादक परीक्षण के लिए डबल ब्लाईंड तकनीक की योजना तथा पूर्वलेख विकसित किया है जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्वीकार किया गया है तथा एच.पी.टी. से लक्षण प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी मानकित किया गया है। इस प्रणाली विज्ञान की सफलता का मूल्यांकन रोगजनन परीक्षण के नैदानिक सत्यापन अध्ययन से किया जा सकता है जिसमें कई लक्षण, जिन पर नुस्खा आधारित होता है, बार–बार सत्यापित हो रहे हैं। परिषद ने अपनी योजना के अन्तर्गत केवल स्वदेशी दवाओं तथा आंशिक रूप से प्रमाणित दवाओं के परीक्षण पर जोर दिया है। अभी तक ऐसी 58 दवाओं का परीक्षण हो चुका है। इस वर्ष में चार दवाओं का परीक्षण (दो लम्बी अवधि के परीक्षण कोड नम्बर 65, 67 एवं दो कम अवधि के परीक्षण कोड नं0 66, 71) पूर्ण किया जा चुका है। कोरनुअस सरसिनेटा ट्रीबुलस टैरेसट्रिस तथा ओसिमम सैकटम के परीक्षण आंकड़ों का संकलन कर लिया गया है तथा इसे केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के समक्ष आने वाली बैठक में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। बाकि दवाओं के परीक्षण आंकड़ों का संकलन अभी चल रहा है।

नैदानिक सत्यापन

65 औषधियों की लाक्षणिकी का नैदानिक सत्यापन किया जा रहा है ताकि उनके सबसे विश्वसनीय लक्षणों, जिन के आधार पर नुस्खा लिखा जाता है, तथा सबसे प्रभावकारी पौटेंसियों को स्पष्ट किया जा सके। उन्हीं औषधियों का अध्ययन किया जा रहा है जिनका या तो के.हो.अ.प. द्वारा अपने औषध परीक्षण केन्द्रों पर परीक्षण हो चुका है अथवा जो आंशिक रूप से प्रमाणित है। इनमें से ज्यादातर स्वदेशी मूल की है। इस वर्ष में इस कार्यक्रम में कार्यरत इकाईयों एवं संस्थानों में कुल 12,685 रोगी पंजीकृत किये गये हैं। इन औषधियों के नैदानिक सत्यापन आंकडों का प्रचार समय–समय पर के.हो.अ.प. की त्रैमासिक पत्रिका/के.हो.अ.प. समाचार में प्रकाशित करके अथवा सम्मेलनों, सेमिनारों तथा कार्यशिविरों के माध्यम से किया जाता है ताकि इन्हें व्यवसाय में इस्तेमाल किया जा सके। कुछ विशेष नैदानिक अवस्थाओं के ऐसे आंकड़ों को त्रैमासिक पत्रिका के खंड 21 (1 तथा 2) एवं खंड 21 (3 तथा 4) 1999 अंक में प्रकाशित किया गया है।

औषध अनुसंधान

1. औषध मानकीकरण

औषधियों के विभिन्न गुणात्मक लक्षणों के अध्ययन के लिए एक बहुआयामी अभिगम, जिसमें भेषज अभिज्ञान, भौतिक रासायनिक तथा भेषज गुणविज्ञान के पैरामीटर सम्मिलित है, को शामिल किया गया है। इस वर्ष में इस कार्यक्रम में कार्यरत इकाईयों एवं संस्थानो में 8 औषधियों के भेषज अभिज्ञान तथा भौतिक रासायनिक मानदण्ड निर्धारित किए गए है।

2. औषधीय पादपों का संग्रहण, सर्वेक्षण तथा कृषि

उद्यागमंडलम (ऊटी), तमिलनाडू में स्थित इकाई सर्वेक्षण के पश्चात औषधीय पादपों की पहचान तथा संग्रहण करके उनके अपरिष्कृत नमूने मानकीकरण अध्ययन करने वाले संस्थानों/इकाईयों को भेजती है। इस वर्ष इस इकाई ने ऊटी के साथ लगने वाले क्षेत्रों तथा नीलगिरि पहाड़ियों में पाए जाने वाले 428 पादपों के नमूनों का संग्रहण किया, उद्भिज संग्रह के लिए 257 क्षेत्र संख्या का संग्रहण किया जिससे चालू क्षेत्र संख्या बढ़ कर 7,344 हो गई और 330 क्षेत्र संख्याओं की पहचान एवं प्रमाणीकरण किया तथा 18 अपरिष्कृत औषधीय पादप सामग्रियां मानकीकरण अध्ययन के लिए भेजी। इसके अतिरिक्त प्रयोग के लिए तथा होम्योपैथी में प्रयोग होने वाले औषधीय पादपों (विशेषतया विदेशी) की लघु स्तर पर कृषि के लिए तमिलनाडु सरकार से पट्टे पर ली गई 12 7 एकड़ भूमी पर एक औषधीय पादप उद्यान विकसित किया जा रहा है। सिनरेरिया मैरिटिमा, डिजीटैलिस परप्यूरिया, एकिलिया मिलिफोलियम सैनटोलिना कैनेसाईपैरिसस, वायला आडोरेटा, रोसामैरिनस ओफिसिनैलिस तथा सिल्विया ओफिसिनैलिस का नियमित रोपण, छटाई, नर्सरी, उगाना, अनुरक्षण तथा रखरखाव किया जा रहा है। प्रदर्शन–भूंखडों पर उपजाए गये 5 पौधों के जननद्रव्य के संग्रह की भी देखभाल की जा रही है तथा बृहत् स्तर पर उनकी कृषि के लिए उनके निष्पादन का अध्ययन किया जा रहा है।

साहित्यिक अनुसंधान

साहित्यिक अनुसंधान कार्यक्रम में परिषद् ने "कैन्ट (कुन्जली) की रैपर्टरी का पुनरवलोकन एवं संशोधन–अन्य कार्यों के संबंध में बोरिक रैपरट्री से कैन्ट रैपटरी में अभिवर्द्धन" परियोजना के अन्तर्गत कैन्ट की रैपरट्री को संशोधित करने का उत्तरदायित्व लिया है। अभी तक 15 अध्यायों का संशोधन तथा प्रकाशन किया गया है। इस अवधि के दौरान नर रैपेरट्री से "टिशूस" अध्याय तथा बोगर – बोनिंगहासन रैपेरट्री से "चन्द्र अवस्थाऐं" कैंट रैपरट्री में शामिल करने के लिए पूर्ण किए जा चुके हैं। वैज्ञानिक सलाहकार समिति के विचाराधीन होने की वजह से इस परियोजना पर और अधिक कार्य नहीं किया जा रहा है।

के.हो.अ.प. की त्रैमासिक पत्रिका के विशेष अंक का विमोचन

26 मार्च 2001 को "सांख्यिकी एवं अनुसंधान प्रणाली" की कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर डा0 जुगल किशोर द्वारा औषध मानकीकरण पर के.हो.अ.प. की त्रैमासिक पत्रिका के विशेष अंक का विमोचन किया गया। यह पत्रिका भारतीय चिकित्सा पद्धतियों एवं होम्योपैथी में उपयोग में लाये जाने वाले देशी औषधीय पौधों के डैटाबेस बैक बनाये जाने की श्रृंखला में अपने आप में पहली पत्रिका है। इसमें 6 औषधीय पौधों का विवरण दिया गया है अर्थात एकालिफा इंडिका, एन्ड्रोग्राफिस पैनीक्यूलेटा, अर्केसिया नाइलोटिका, सिसलपीनिया बोन्डुसेला, सिंट्रूलस केलोसिन्थिस तथा मोमोरंडिका चैरेन्सिया के वानस्पतिक व देशी नाम, भारत में वितरण, वानस्पतिक विशेषताओं, महत्वपूण प्रभावों, भारतीय चिकित्सा पद्धतियों एवं होम्योपैथी में इनके उपयोगों, भेषज अभिज्ञान संबधित लक्षणों, रासायनिक अवयवों, रासायनिक क्रियाओं, विष–विज्ञान, चिकित्सीय मूल्यांकन, वाणिज्य एवं व्यापार, अनुकल्पों एवं मिलावटों तथा कृषि तकनीकों से संबंधित सभी पहलुओ का विवरण किया गया है। यह पत्रिका परिषद् के वेब साईट डबल्यू.डबल्यू. सी.सी.आर.एच. इंडिया ओ.आर.जी. पर भी उपलब्ध है।

के.हो.अ.प. की त्रैमासिक पत्रिकाओं (खण्ड 1 से खण्ड 21 तक) में प्रकाशित किए गये विभिन्न अनुसंधान लेखों का विवरण भी वेबसाईट पर उपलब्ध है।

प्रकाशन

परिषद के सबसे प्रसिद्ध प्रकाशन – "ए हैंडबुक आफ होम रैमेडीस इन होम्योपैथी" तथा "सामान्य होम्योपैथी उपचार पुस्तिका" का पुनः प्रकाशन किया गया और चौपन्नों अर्थात "मलेरिया से बचाव एवं उपचार", होम्योपैथी तथ्य एवं भ्रांतियां, "होम्योपैथी का समष्टि उपगम", "होम्योपैथी द्वारा मोतियाबिंद से बचाव" तथा "मातृ एवं शिशु देखभाल" का भी पुनः प्रकाशन किया गया।

इस वर्ष के दौरान हिन्दी में एक 16 पृष्ठों की पत्रिका, जिसमें होम्योपैथी में उपयोग में लाए जाने वाले 14 भारतीय चिकेत्सीय पौधों एवं उनके नैदानिक लक्षणों का विवरण है, का प्रकाशन किया गया।

नौकरी के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम

परिषद द्वारा इसके मुख्यालय जनकपुरी, नई दिल्ली में 26–27 मार्च 2001 को "अनुसंधान प्रणाली विज्ञान एवं सांख्यिकी" पर दो दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला श्रृंखला में द्वितीय थी तथा इसमें परिषद के विभिन्न संस्थानों एवं इकाईयों में कार्यरत चालीस सहायक अनुसंधान अधिकारियों ने भाग लिया। यह कार्यशाला अपनी शंकाओं के स्पष्टीकरण तथा निर्दिष्ट अनुसंधान परियोजनाओं के लिए अनुसंधान मापदण्ड तैयार करने हेतु आयोजित एक तरह का सम्पर्क कार्यक्रम था। सभी व्याख्यान सूचनात्मक एवं ज्ञानप्रद थे। हर सत्र के अन्त में अर्थपूर्ण परिचर्चा हुई।

आयोजित किए गए/हिस्सा लिए गए सेमिनार/कार्यशिविर/प्रदर्शनियां

परिषद के अनुसंधान अधिकारियों ने विभिन्न होम्योपैथिक संगठनों द्वारा आयोजित अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों/सेमिनारो/कार्यशालाओं में हिस्सा लिया तथा परिषद की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर वैज्ञानिक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए।

स्वास्थ्य मेले

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं भारतीय चिकित्सा पद्धतियों एवं होम्योपैथी विभाग के साथ संयुक्त भागीदारी में भारत के विभिन्न राज्यों में स्वास्थ्य मेले आयोजित करने की योजना बनाई जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय जनसंख्या पालिसी के प्रचार एवं समर्थन को सुधारने के साथ साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों अर्थात प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य, एच.आई.वी./एडस, तथा मलेरिया, उन्मूलन, नेत्रहीनता नियंत्रण, कुष्ठरोग तथा तपेदिक एवं इन सबके आगे पीछे के संबंधों के अर्न्तगत बढ़ती जानकारी को प्रोत्साहन देना था। के.हो.अ.प. ने जिन स्वास्थ्य मेलों में हिस्सा लिया उनका विवरण इस प्रकार है: 17 से 20 सितम्बर 2000 तक मथुरा (उत्तर प्रदेश) में , 16 से 25 अक्तूबर 2000 तक हार्ट केयर फाऊंडेशन आफ इंडिया एवं भारत सरकार द्वारा लाल किला मैदान में आयोजित परफैक्ट हैल्थ मेला, 17 से 23 अक्तूबर 2000 तक स्वदेशी मेला, नई दिल्ली, 19 नवम्बर 2000 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मेला 2000, पटना (बिहार), 31 जनवरी से 4 फरवरी 2001 तक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मेला, लखनऊ, 16 फरवरी 2001 को स्वदेशी इंडस्ट्रियल फेयर 2001, कोयाम्बटूर तथा 4 मार्च 2001 को पेराम्बालूर (तमिलनाडू)। मेलों में बहुत बड़ी संख्या में लोग आये तथा उन्होंने के.हो.अ.प.द्वारा दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। परिषद द्वारा होम्योपैथी के विभिन्न पहलूओं पर प्रकाशित साहित्य भी आम जनता में मुफ्त वितरित किया गया।

प्रदर्शनियां

परिषद ने 14 से 27 नवम्बर 2000 तक आयोजित भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेले, नई दिल्ली में अपनी गतिविधियों एवं उपलब्धियों को दर्शाती एक प्रदर्शनी का आयोजन किया तथा आम जनता को मुफ्त परामर्श सुविधा भी प्रदान की। परिषद ने "हर्बो 2000" नई दिल्ली में 14 से 27 नवम्बर 2000 तक होम्योपैथी में उपयोग में लाए जाने वाले चिकित्सीय पादपों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जिसमें इन पौधों को छायाचित्रों, उद्भिज–संग्रह पत्रों तथा अपरिष्कृत औषधीय नमूनों के रूप में दर्शाया गया था। इन प्रदर्शनी में बहुत बड़ी संख्या में लोग आये तथा चिकित्सीय पौधों की कृषि, उपयोग, इस्तेमाल में लाये जाने वाले अंश एवं उनके चिकित्सीय महत्व से संबंधित शकाओं का भी स्पष्टीकरण किया गया।

19 मई 2001 को कानपुर में भारतीय चिकित्सा पद्धति समरक्षण परिषद द्वारा आयोजित भारतीय चिकित्सा पद्धतियों एवं होम्योपैथी पर प्रदर्शनी एवं सेमिनार के अवसर पर भी एक प्रदर्शनी लगाई गई।

इलाहाबाद में 7 जनवरी 2001 से 23 फरवरी 2001 तक लगाये गये महा कुंभ मेले के अवसर पर के.हो.अ.प. ने डी.ए.वी.पी. के सहयोग से आयोजित एक प्रदर्शनी में भाग लिया। दर्शकों को विभिन्न स्वास्थ्य विषयों के बारे में शिक्षा देने के लिए बारी–बारी से परिषद के अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया।। प्रदर्शनी का मुख्य हिस्सा मातृ एवं शिशु देखभाल का था जिसमें प्रसव से पूर्व, प्रसव के बाद की तथा नवजात शिशुओं की समस्याओं को दर्शाते पैनलों का प्रदर्शन किया गया। प्रतिनियुक्त किए गए चिकित्सकों द्वारा आने वाले लोगों को मुफ्त परामर्श दिया गया।

बजट

[illegible] 2001 में परिषद का वास्तविक [illegible] योजनागत एवं योजनातेर के अन्तर्गत [illegible] लाख रुपये था।

बैठकें

स्थायी वित्तीय समिति

स्थायी वित्तीय समिति की 36वीं बैठक होम्योपैथिक नई दिल्ली में भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग के संयुक्त सचिव श्री एल. प्रसाद की अध्यक्षता में 11 जून 2000 को हुई। इस समिति ने वर्ष 2000–2001 के बज़ट (योजना एवं योजनातेर दोनो) के अनुमानित खर्च, के.हो.अ.प. के वर्ष 1998–99 के वार्षिक लेखा, प्रूवर शुल्क को 10 रूपये प्रति निरीक्षण से बढ़ा कर 20 रूपये प्रति निरीक्षण करना बशर्ते कि यह 300 रूपये प्रति माह से अधिक न हो, औषधीय पादप सर्वेक्षण एवं संग्रहण इकाई, ऊटी के वाहन को बदलना, केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम की इमारत की मुरम्मत के लिए अपेक्षित अतिरिक्त राशि एवं के.हो.अ.प. के पुस्तकालय में पुस्तकालय परिचारक के पद का सर्जन, के प्रस्तावों पर विचार किया तथा इन्हें अनुमोदित किया।

सेमिनार / सम्मेलन / कांग्रेसे

मलेरिया में "एक्यूपंक्चर, ओरिएंटल एवं आलटरनेटिव मेडिसिन" पर द्वितीय एशिया पैसिफिक सम्मेलन

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद के निदेशक, डा.आर.शॉ ने 3 से 5 सितम्बर 2000 तक कोटा बारू, मलेशिया में एक्यूपंक्चर, ओरिएंटल एवं आलटरनेटिव मेडिसिन" पर आयोजित द्वितीय एशिया पैसिफिक सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस सम्मेलन [illegible] विश्व भर से आये वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियों के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। डा. आर शॉ ने "मनोविकृति" स्किजोफ्रेनिया में [illegible]म्योपैथी की भूमिका" पर एक लेख प्रस्तुत किया जो कि केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम, केरल में उपचारित 50 अच्छी तरह निदान किए हुए स्किजोफ्रेनियां के रोगियों के प्रतिवेदन पर आधारित था। इस लेख का उद्देश्य 1988 से 1990 तक इस संस्थान [illegible] अन्तरंग रोगी विभाग में होम्योपैथिक चिकित्सा से उपचारित रोगियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करना था। यह लेख के.हो.अ.प. [illegible] त्रैमासिक पत्रिका के आने वाले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

[illegible]डियन इंस्टिटयूशन आफ होम्योपैथिक फिज़िशियन नैशनल कांग्रेस, नई दिल्ली

श्री ए.राजा, स्वास्थ्य एवं कल्याण राज्य मंत्री ने 17 अक्तूबर को चिनमाया मिशन आडिटोरियम, लोधी रोड, नई दिल्ली में तीन [illegible] की आठवी नेशनल कांग्रेस आफ इंडियन इंस्टीटयूट आफ होम्योपैथिक फिज़िशियन का उदघाटन किया। इस कांग्रेस के सत्र [illegible]े 19 नवम्बर 2000 तक थे तथा इसका मूल विषय "होम्योपैथी इन न्यू मिलिनियम" था। इसमें डा. वी.पी.सिंह ने मुम्बई चेन्नई, [illegible]देल्ली में किए जा रहे एच.आई.वी. / एडस पर होम्योपैथिक दवाओं के नैदानिक परीक्षणों पर एक लेख प्रस्तुत किया।

[illegible]न होम्योपैथिक आर्गेनाइजे़शन सेमिनार, इलाहाबाद

[illegible]डियन होम्योपैथिक आर्गेनाइजे़शन, जिसके अध्यक्ष डा. आर. के. कपूर है और के.हो.अ.प. की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के [illegible]अध्यक्ष रह चुके है, ने आई.एच.ओ. की मुख्य इकाई, इलाहाबाद, उ.प्र. राज्य शाखा के संरक्षण में 24 से 26 दिसम्बर 2000 [illegible] तीन दिन की आल इंडिया होम्योपैथिक मैडिकल कांग्रेस का आयोजन किया। इस कांग्रेस में सारे देश से 500 होम्योपैथिक [illegible]चकित्सक उपरिथत थे। के.हो.अ.प. के मुख्यालय से अधिकारियों ने भी इस कांग्रेस में भाग लिया। वैज्ञानिक सत्रों में, इंसेन्शियल हाइपरटैंशन, संधिशोथ में होम्योपैथी की भूमिका, केवल रोगियों के कथन पर मानसिक लक्षणों पर आधारित नुस्खा लिखे जाने की बाजीगरी तथा मियासमैटिक एप्रौच एवं इसका होम्योपैथिक इंडैक्स, पर प्रस्तुतीकरण सम्मिलित किये गये। डा. प्रमोद जी सिंह, सहायक अनुसंधान अधिकारी ने "क्लीनिकल एक्सपीरिएसिस आन द ट्रीटमेंट आफ आर्थराइटिस" पर एक लेख प्रस्तुत किया जिसमे के.हो.अ.प. के नैदानिक सत्यापन इकाई, वृन्दावन में किए गये कार्य का विवरण दिया गया।

संकामक रोगों पर राष्ट्रीय कार्यशाला, हैदराबाद

भारतीय चिकित्सा पद्धतियां एवं होम्योपैथी विभाग, आंध्रप्रदेश सरकार ने 23 एवं 24 जनवरी 2001 को ओसमानिया विश्वविद्यालय के मैदान, हैदराबाद (आंध्रप्रदेश) में "संक्रामक रोगों पर राष्ट्रीय कार्यशाला –होम्योपैथी द्वारा रोकथाम का आयोजन किया। इस कार्यशाला का आयोजन भारतीय चिकित्सा पद्धतियां एवं होम्योपैथी विभाग, भारत सरकार द्वारा दी गई वित्तीय सहायता

से किया गया तथा इसमें भाग लेने आये 300 सदस्य राज्य सरकार होम्योपैथिक औषधालयों, होम्योपैथिक मैडिकल कालेजों, परिषत्सदस्यों में से थे।" के.हो.अ.प. से आया एक शिष्टमंडल भी इस कार्यशाला में शामिल हुआ तथा उन्होंने वार्ता में हिस्सा लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य आंध्रप्रदेश में "होम्योपैथी द्वारा जापानी मस्तिष्क ज्वर की रोकथाम" कार्यक्रम को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुये एक ऐसी योजना बनाना था जिससे होम्योपैथिक के विशाल ढांचे को महामारियों की रोकथाम एवं प्रभावशाली नियंत्रण के लिए इस्तेमाल किया जा सके। इस कार्यशाला में पांच संक्रामक रोगों अर्थात जापानी मस्तिष्क ज्वर, जठरांत्रशोथ, मलेरिया, खसरा एवं संक्रामक जिगरशोथ पर विचारविमर्श किया गया तथा इन रोगों पर वार्ता के लिए कार्यदलों का गठन किया गया। स्थानीय महामारी वाले क्षेत्रों में उपर्युक्त रोगों के रोगनिरोधन के वितरण हेतु भारतीय चिकित्सा पद्धतियां एवं होम्योपैथी विभाग, आंध्रपदेश सरकार को कई सुझाव भी पेश किय गये।

जराचिकित्सा में होम्योपैथी पर राष्ट्रीय सेमिनार, भुवनेश्वर

के.हो.अ.प. मुख्यालय से डा. वी.पी. सिंह, सहायक निदेशक तथा फाइलेरिया के लिये होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, (उड़ीसा) से डा0 (श्रीमती) एन. मिश्रा, प्रभारी अनुसंधान अधिकारी ने 15 से 17 फरवरी 2001 तक भुवनेश्वर में आयोजित "जराचिकित्सा में होम्योपैथी" पर राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया इस सेमिनार का आयोजन डा. ए.सी. होम्योपैथिक मैडिकल कालेज एवं अस्पताल, भुवनेश्वर, उड़ीसा द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धतियां एवं होम्योपैथी विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उड़ीसा सरकार द्वारा दी गई वित्तीय सहायता से किया गया। डा. वी. पी. सिंह ने अपने वैज्ञानिक सत्र में परिषद द्वारा किये जा रहे "एच.आई.वी./एडस पर होम्योपैथिक दवाओं के नैदानिक परीक्षण" पर एक प्रस्तुतीकरण किया और विदाई के सत्र में परिषद की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण भी दिया। उन्होंने डा. ए.सी.सरकार होम्योपैथिक मैडिकल कालेज के प्रध्यापक वर्ग एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के साथ एच.आई.वी./एडस की नैदानिक देखरेख होम्योपैथिक दवाओं एवं अन्य प्रतिरक्षा को बढ़ाने वाले साधनों की भूमिका, के बारे में अपने अनुभवों को बांटा।

कुष्ठरोग पर कार्यशाला, दुर्गापुर

17 फरवरी 2001 को दुर्गापुर में आयोजित "कुष्ठरोग पर कार्यशाला" में औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई मिदनापुर के प्रभारी अनुसंधान अधिकारी डा. पी. सी. माल में भाग लिया। यह कार्यशाला विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा प्रवर्तित थी एवं इसका आयोजन सोसायटी फॉर वैल्फयर आफ हैडीकैपड पर्सनस, दुर्गापुर स्टील सिटी, पश्चिमी बंगाल द्वारा किया गया। इस समिति दुर्गापुर एवं उसके आसपास के गांवों की जनजातीय आबादी के लिए (जो कुष्ठ रोग से विकलांग हुए है) होम्योपैथिक दवाओं द्वारा उपचार एवं रोकथाम कार्यक्रम चलाने का उत्तरदायित्व लिया है। इस तरह से इस समिति द्वारा यह जानने का प्रयास किया गया कि क्या होम्योपैथी द्वारा प्रभावशाली परिणाम मिल सकते है या नहीं। विशेषतया वैज्ञानिक समाज एवं आम जनता के समक्ष विषय पर किये गये पांच वर्ष के अध्ययन के परिणामों को प्रस्तुत करने के लिये इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुष्ठ विज्ञानिओं, उत्तक रोग विज्ञानिओं, समाज सेवकों, पंचायत प्रधानों, रोगियों (प्रभावित एवं उपचारित दोनों) इत्यादि ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला के प्रथम सत्र में कुष्ठ व्रण के जिन रोगियों को उपचार से लाभ पहुंचा, उनका दृश्य–श्रव्य प्रस्तुतीकरण किया गया। होम्योपैथिक दवाओं के नाम नहीं बताये गये परन्तु यह कहा गया कि नुस्खा होम्योपैथिक सिद्धांतों पर आधारित तथा दी गई दवाऐं एंटी–मियासमैटिक, एन्टीसिफिलिटिक एवं एंटीसाइकोटिक थी। कार्यशाला के दूसरे सत्र में जिन रोगियों सफलता मिली, उनका व्यक्तिरूप से प्रस्तुतीकरण किया गया तथा तीसरे सत्र में भाग लेने वालों ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया हर सत्र के अंत में विचार विमर्श किया गया। कार्यशाला समिति की गतिविधियों पर केन्द्रित रही और इसमें अन्य कोई भी वैज्ञानिक प्रस्तुतीकरण नहीं किया गया। जो भी ऑकड़े प्रस्तुत किये गये वे प्रामाणिक एवं महत्वपूर्ण थे। इस कार्य के बारे में और आगे परीक्षण करके इसे विकसित किया जा सकता है।

दिल्ली विश्वविद्यालय

श्रीमती जे. राज, अनुसंधान अधिकारी (भेषज अभिज्ञान) औषध मानकीकरण इकाई, गाजियाबाद, ने दिल्ली यूनिवर्सिटी बोटैनिकल सोसाइटी वानस्पतिक विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एन.आई.एस.ए. नई दिल्ली में आयोजित "सिम्पोजियम आन बायोटैक्नोलाजिकल इन्नोवेशनस इन कन्सरवेशन एन्ड एनैलिसिस आफ पलांट ड्राइवर्सिटी" में 7 से 9 फरवरी 2001 तक हिस्सा

लिया। इसमें स्वतःपोषित साथ में विकसित होने वाली विभिन्न जातियों की आबादी के संरक्षण के लिए आदिम आवासों के बचाव की आवश्यकता तथा संकट में पड़ी जातियों के जननद्रव्य को सुरक्षित रखने वाले जीव प्रोद्योगिकी साधनों की आवश्यकता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। वातावरण के अनुकूल ऐसी व्यवस्थाओं एवं उत्पाद का अविष्कार करने की आवश्यकता है जिससे प्राकृतिक वनस्पति आबादी पर बिना किसी अनावश्यक दबाव के मनुष्य की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

लखनऊ

16 से 18 सितम्बर 2000 तक औषधीय एवं सुगंधित पौधों के केन्द्रीय संस्थान, सी.एच.आई.आर., लखनऊ में "फरन्टीयर्स आफ रिसर्च एन्ड डिवेल्पमेंट इन मेडिसिनल पलांटस" पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। अनेकों श्रेष्ठ अनुसंधान विज्ञानियों, इंजीनियरों एवं उद्योग से संबंधित कार्यकर्ताओं ने भारतीय औषधीय पादप उत्पादों को सुधारने के विभिन्न अभिगमों पर विचारविमर्श किया। एच.डी.आर.आई. लखनऊ से डा0 पी0 सुब्राम्णयम, अनुसंधान अधिकारी (रासायन विज्ञान) ने "स्टैंडर्डाइजेशन एन्ड क्वालिटी कंट्रोल इन होम्योपैथिक मेडिसिनल प्लांटस" पर एक लेख प्रस्तुत किया तथा डा. एच.सी. गुप्ता, सहायक अनुसंधान अधिकारी (भेषज अभिज्ञान), एच.डी.आर.आई. लखनऊ ने "प्रासपैक्टिवस आफ मेडिसिनल प्लांटस इम्पलायड इन होम्योपैथी" पर प्रज्ञापक लेख प्रस्तुत किया। औषध मानकीकरण इकाई (हो.), गाजियाबाद से श्रीमती जे.राज, अनुसंधान अधिकारी (भेषज अभिज्ञान) ने भी इस सेमिनार में हिस्सा लिया।

स्वास्थ्य मेले

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संघीय मंत्री डा. सी. पी. ठाकुर ने यह घोषणा की थी राष्ट्रीय जनसंख्या पालिसी के प्रचार एवं समर्थन को सुधारने के साथ साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों अर्थात प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य, एच.आई.वी./एडस, तथा मलेरिया, उन्मूलन, नेत्रहीनता नियंत्रण, कुष्ठरोग तथा तपेदिक एवं इन सबके आगे पीछे के संबंधों के अर्न्तगत बढ़ती जानकारी को प्रोत्साहन देना था तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं भारतीय चिकित्सा पद्धतियों एवं होम्योपैथी विभाग के संयुक्त भागीदारी में भारत के विभिन्न राज्यों में स्वास्थ्य मेले आयोजित करने की योजना बनाई।

के.हो.अ.प. ने जिन स्वास्थ्य मेलों में हिस्सा लिया उनका विवरण इस प्रकार है: 17 से 20 सितम्बर 2000 तक मथुरा (उत्तर प्रदेश) में, 16 से 25 अक्तूबर 2000 तक हार्ट केयर फाऊंडेशन आफ इंडिया एवं भारत सरकार द्वारा लाल किला मैदान में आयोजित परफैक्ट हैल्थ मेला, 17 से 23 अक्तूबर 2000 तक स्वदेशी मेला, नई दिल्ली, 19 नवम्बर 2000 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मेला 2000, पटना (बिहार), 31 जनवरी से 4 फरवरी 2001 तक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मेला, लखनऊ, 16 फरवरी 2001 को स्वदेशी इंडस्ट्रियल फेयर 2001, कोयाम्बटूर तथा 4 मार्च 2001 को पेराम्बालूर (तमिलनाडू)। मेलों में बहुत बड़ी संख्या में लोग आये तथा उन्होंने के.हो.अ.प.द्वारा दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। परिषद द्वारा होम्योपैथी के विभिन्न पहलूओं पर प्रकाशित साहित्य भी आम जनता में मुफ़्त वितरित किया गया।

प्रदर्शनियां

आई.आई.टी.एफ. 2000

भारतीय चिकित्सा पद्धतियां एवं होम्योपैथी विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2000 में हिस्सा लिया जिसका आयोजन 14 से 27 नवम्बर 2000 तक, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया गया। के.हो.अ.प. ने विभिन्न रोगों जैसे कि फाइलेरिया, मलेरिया, एच.आई.वी./एडस में परिषद की उपलब्धियों तथा होम्योपैथिक सिद्धांतों, सामान्य रोगों में होम्योपैथी की उपयोगिता इत्यादि को दर्शाते विज्ञापनों एवं तालिकाओं का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी के दौरान मुफ्त होम्योपैथिक परामर्श का इंतजाम भी किया गया और चर्मरोगों, एलर्जी, श्वास विकारों, उदर रोगों इत्यादि से पीड़ित रोगियों को होम्योपैथिक दवाऐं भी दी गई। लगभग 1000 लोगों ने इस मौके से फायदा उठाया।

एक दूसरे को प्रभावित करने तथा वेहतर स्वास्थ्य देखभाल के लिए व्यावसायिक अवसरों एव राभावनाओं की छानबीन [illegible] के लिए प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय मेले में 14 से 27 नवम्वर 2000 तक "हर्बो [illegible] इंटरनेशनल कांग्रेस एन्ड वर्कशाप" का आयोजन किया गया। इसका आयोजन संयुक्त रूप से हर्बल [illegible] फाउंडनेशन, वि[illegible] एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (डी.एस.आई.आर. तथा इंडियन ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन द्वारा किया गया।

के.हो.अ.प. की ओर से औषधीय पादप सर्वेक्षण एवं संग्रहण इकाई, ऊटी (तमिलनाड़) ने "हर्बो 2000" में होम्योपैथिक औ[illegible] पौधों की प्रदर्शनी लगाई। स्टाल में औषधीय पोधों के छायाचित्रों, तथा 16 अपरिष्कृत औषधीय पादप सामग्रियों की प्रदर्शनी ल[illegible] गई। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोग आये तथा औषधीय पौधों की कृषि के ब्यौरे, उनके इस्तेमाल, चिकित्सा में प्रयोग में लाये [illegible] वाले उनके अंश एवं औषधीय मूल्यों से संबंधित उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। परिषद के प्रकाशनों – "ए चैकलिस्ट [illegible] होम्योपैथिक मेडिसिनल प्लांटस आफ इंडिया" तथा "ए हैड बुक आफ होम रैमेडीस इन होम्योपैथी" की वहुत मांग थी। जनता [illegible] सामान्य जानकारी देने के लिये होम्योपैथी के विभिन्न पहलूओं से संवंधित साहित्य मुफ्त वांटा गया।

कानपुर

डा. सी. पी. ठाकुर, माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण यूनियन मंत्री, भारत सरकार ने 19 मई 2001 को कानपुर में भार[illegible] चिकित्सा पद्धति संरक्षण परिषद द्वारा आयोजित भारतीय चिकित्सा पद्धतियां एवं होम्योपैथी के सेमिनार एवं प्रदर्शनी का उद्घा[illegible] किया। के. हो.अ.प. मुख्यालय ने एक प्रदर्शनी में अपने प्रकाशनों का प्रदर्शन किया। परिषद द्वारा होम्योपैथी के विभिन्न पहलूओं [illegible] छापे गये इश्तहार/चौपन्ने जनता में सामान्य जानकारी के लिये मुफ्त बांटे गये।

इलाहाबाद में महाकुंभ मेला

इलाहाबाद में 7 जनवरी 2001 से 23 फरवरी 2001 तक महाकुंभ मेले के अवसर पर के.हो.अ.प. ने डी.ए.वी.पी. के सहयोग द्वा[illegible] आयोजित प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। प्रदर्शनी में आने वाले लोगों के विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी विषयों के बारे में जानकारी देने के लि[illegible] परिषद के अधिकारियों को बारी–बारी से प्रतिनियुक्त किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य हिस्सा मातृ एवं शिशु देखभाल का था जि[illegible] प्रसव से पूर्व एवं पश्चात की समस्याओं एवं नवजात शिशु की समस्याओं तथा उनके होम्योपैथिक उपचार को पैनलों पर चित्रित कि[illegible] गया। प्रतिनियुक्त चिकित्सकों द्वारा आने वाले लोगों को मुफ्त परामर्श भी दिया गया।

प्रशासनिक प्रतिवेदन

संगठन

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् की स्थापना 30 मार्च, 1978 को सोसाइटीज राजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 का इक्कीसवां के अंतर्गत की गई थी, जिसके मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

1. होम्योपैथी में वैज्ञानिक पद्धति पर अनुसंधान के उद्देश्य और प्रणाली तैयार करना।
2. होम्योपैथी में कोई अनुसंधान या अन्य कार्यक्रम शुरू करना।
3. अनुसंधान का परिचालन तथा सहायता करना, रोगों के कारणों, फैलने के तरीकों और उनके निवारण के संबंध में सामान्य ज्ञान और प्रयोगात्मक उपायों का प्रचार करना।
4. होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं मूलभूत एवं अनुप्रयुक्त दोनों में, वैज्ञानिक अनुसंधान प्रारंभ करना, उसकी सहायता, विकास और समन्वय करना तथा रोगों के अध्ययन, उनके निवारण, कारणों और उपचार आदि के लिए अनुसंधान संस्थानों को बढ़ावा एवं सहायता करना।

31 मार्च, 2001 को समाप्त हुई समीक्षाधीन अवधि के दौरान परिषद् की सोसाइटी और शासी निकाय की सदस्यता इस प्रकार है :

शासी निकाय

पुर्नगठित शासी निकाय के सदस्य निम्नलिखित हैं :

1.	राजकीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण यूनियन मंत्री भारत सरकार।	–	अध्यक्ष
2.	डा. दीवान हरीश चन्द 1, हनुमान लेन, नई दिल्ली।	–	उपाध्यक्ष
3.	सचिव (भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो. पद्धति), अथवा उनके द्वारा मनोनीत जिसकी पदवी सयुक्त सचिव भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथिक पद्धति विभाग, से नीचे न हो।	–	सदस्य
4.	संयुक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।	–	सदस्य
5.	डा. वी.एन. चक्रवर्ती, 5 सुबोल कोले लेन, हावडा (प.बं.)	–	सदस्य
6.	डा. जुगल किशोर 86, गोल्फ लिंक्स, नई दिल्ली।	–	सदस्य

7. डा. वी.टी. आगस्टीन
401, मंदाकिनी एन्कलेव, अलखनंदा,
नई दिल्ली। – सदस्य

8. डा. एम.पी.आर्या,
ओबेराय हाऊस, फर्स्ट फलोर,
67/2, नान स्टाप, कार्वे रोड, पुने–411004 (महाराष्ट्र) – सदस्य

9. डा. रवि एम. नायर,
आरामाम, कैलेडी, कारामाना,
पी.ओ. – तिरूवनंतपुरम – केरल

10. डा. उर्मिला घाटे
167/एफ, डा. अम्बेदकर रोड, दादर
मुम्बई – 400014 (महाराष्ट्र) – सदस्य

11. प्रो. ए.के. भटनागर
वानस्पति विज्ञान विभाग,
दिल्ली विश्व विद्यालय, दिल्ली – सदस्य

12. डा. सी. अरूमुगम
नं0 70, पोर्टूगीस चर्च स्ट्रीट,
चेन्नई – 600001 (तमिलनाडू) – सदस्य

13. निदेशक
नेशनल इंस्टिटयूट आफ होम्योपैथी
ब्लाक – जी.ई., सैक्शन।।
साल्ट लेक, कोलकाता – 700016 (पश्चिमी बंगाल) – सदस्य

14. डा. आर. शॉ,
निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली। – सदस्य सचिव

शासी निकाय, परिषद् के कार्यों की प्रगति का अवलोकन तथा वैज्ञानिक सलाहकार समिति तथा स्थायी वित्त समिति द्वारा अनुमोदित नयी योजनाओं की स्वीकृति, वार्षिक बजट प्रावधान इत्यादि का पुनरीक्षण करती है।

स्थाई वित्तीय समिति

1. संयुक्त सचिव/भारतीय चिकित्सा पद्धतियां
एवं होम्योपैथी विभाग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
रैड क्रास रोड, नई दिल्ली। – अध्यक्ष

2. संयुक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार),
भारतीय चिकित्सा पद्धतियां एवं होम्योपैथी विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली। – सदस्य

3. डा. वी.टी. आगस्टीन
401, मंदाकिनी एन्कलेव, अलखनंदा,
नई दिल्ली। – सदस्य

4. डा. आर. शॉ,
कार्यभारी निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली। – सदस्य सचिव

परिषद् द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न प्रस्तावों पर विचार विमर्श करने के लिए स्थायी वित्तीय समिति की 36 वीं बैठक 11 जुलाई 2000 को श्री एल. प्रसाद, सयुक्त सचिव, भारतीय चिकित्सा पद्धतियां एवं होम्योपैथी विभाग की अध्यक्षता में रखी गई।

I. वैज्ञानिक सलाहकार समिति

1. डा. आर.के. कपूर,
इलाहाबाद (उ.प्र.)। – अध्यक्ष

2. डा. गिरेन्द्र पाल,
जयपुर (राजस्थान)। – सदस्य

3. डा. वी.टी आगस्टीन,
नई दिल्ली। – सदस्य

4. डा. एस.के. दुबे,
कलकत्ता (प. बंगाल)। – सदस्य

5. डा. आर.पी. पटेल,
हैनीमन हाउस, कालेज रोड़,
कोट्टायम (केरल)। – सदस्य

6. डा. एम.पी. आर्या,
पुणे (महाराष्ट्र)। – सदस्य

7. डा. मनोज यादव,
लखनऊ (उ.प्र.)। – सदस्य

8. डा. के.पी. मजूमदार,
मुंबई (महाराष्ट्र)। – सदस्य

9. डा. एस.पी. कोपीकर,
चैन्नई (तमिलनाडू)। – सदस्य

10. डा. जी.एल.एन. शास्त्री,
हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)। – सदस्य

11. डा. एस.पी. सिंह,
उप सलाहकार (होम्यो.),
भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो. पद्धति विभाग,
स्वा. एवं परि. कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली। – सदस्य

12. डा. आर. शॉ,
कार्यभारी निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली। — सदस्य सचिव

वर्ष 2000–2001 में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की कोई भी बैठक नहीं रखी गई क्योंकि इस समिति का कार्यकाल मई 2000 में समाप्त हो गया था तथा नई वैज्ञानिक सलाहकार समिति को पुनः संगठित नहीं किया गया था।

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् के पुर्नगठन के लिये उपसमिति

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् के चालू अनुसंधान कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक संरचना का पुर्नविलोकन करने के लिये जुलाई, 1997 में परिषद् के पुर्नसंगठन के लिये एक उपसमिति का गठन किया गया जिसके सदस्य निम्नलिखित हैं :

1. सचिव (भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो. पद्धति विभाग),
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली। — अध्यक्ष
2. संयुक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार),
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली। — सदस्य
3. डा. के.पी. मजूमदार,
मुंबई। — सदस्य
4. डा. वी.के. गुप्ता,
नई दिल्ली। — सदस्य
5. डा. आर. शॉ,
कार्यभारी निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली। — सदस्य सचिव

साहित्यिक अनुसंधान उपसमिति

1. डा. एस.के. दुबे,
एफ.डी. 393, सैक्टर 111,
साल्ट लेक सिटी,
कलकत्ता (प. बंगाल)। — अध्यक्ष
2. डा. के.एन. कासद,
ए.एच. वाडिया बाग, 3/10 परेल टैंक,
मुंबई। — सदस्य
3. डा. आर.के. कपूर,
फ्लैट नं. 33, ब्लाक नं. 5,
नवाब यूसूफ रोड (सिविल लाईन्स),
इलाहाबाद (उ.प्र.)। — सदस्य

4. डा. आर. शॉ,
कार्यभारी निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली। — सदस्य सचिव

वर्ष 2000–2001 में साहित्यिक अनुसंधान उपसमिति की कोई बैठक नहीं हुई क्योंकि इस समिति का कार्यकाल मई,2000 में समाप्त हो गया था तथा इस परियोजना पर और आगे कार्य, के.हो.अ.प. की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के विचाराधीन होने की वजह से प्रारम्भ नहीं किया गया।

संगठनात्मक नेटवर्क

परिषद् के अधीन देश भर में 51 संस्थान/इकाईयां है जिसमें से 21 इकाईयां जनजातीय आंतरनिवासों में स्थित है।

–	केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान	1	कोट्टायम (केरल)।
–	होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान	1	लखनऊ (उ.प्र.)।
–	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान	3	नई दिल्ली, मुंबई (महाराष्ट्र), गुड़िवाड़ा (आन्ध्र प्रदेश)।
–	होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान	2	पुरी (उड़ीसा), जयपुर (राजस्थान)।
–	नैदानिक अनुसंधान इकाई	13	भोपाल (म.प्र.), वाराणसी (उ.प्र.), गुड़गांव (हरियाणा), पटियाला (पंजाब), शिमला (हि.प्र.), उड्डुपी (कर्नाटक), पोर्टब्लेयर (अंडमान एवं निकोबार), तिरूपति (आ.प्र.), गोरखपुर (उ.प्र.), गोहाटी (आसाम), चैन्नई (तमिलनाडु), इम्फाल (मणिपुर), जम्मू (जम्मू व कश्मीर)।
–	नैदानिक अनुसंधान इकाई (जनजातीय क्षेत्र)	21	अगरतला (त्रिपुरा), एजावल (मिजोरम), भरमौर (हि.प्र.), भारूच (गुजरात), खोंगजोम (मणिपुर), दण्डेली (कर्नाटक), दीमापुर (नागालैण्ड), डिफू (आसाम), गंगटोक (सिक्किम), इद्दूकी (केरल), ईटानगर (अरूणाचल प्रदेश), जगदलपुर (छत्तीसगढ़), जैपोर (उड़ीसा), लेह (जम्मू व कश्मीर), पोंडिचेरी (तमिलनाडु), रांची (झारखंड), सेलम (तमिलनाडु), संबलपुर (उड़ीसा), शिलांग (मेघालय), सिलिगुड़ी (प.ब.) एवं विजयवाढ़ा (आंध्र प्रदेश)।
–	होम्योपैथिक उपचार केन्द्र	1	सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली।

– औषध परीक्षण इकाई	3	कलकत्ता (प. बंगाल), मिदनापुर (प. बंगाल), गाजियाबाद (उ.प्र.)।
– औषध मानकीकरण इकाई	2	गाजियाबाद (उ.प्र.), हैदराबाद (आ.प्र.)।
– चिकित्सा सत्यापन इकाई	3	गाजियाबाद (उ.प्र.), पटना (बिहार), वृंदावन (उ.प्र.)।
– औषधीय पादप का सर्वेक्षण एवं संग्रहण इकाई.	1	ऊटी (तमिलनाडु)।

बजट प्रावधान

निम्नलिखित सारणी में परिषद के बजट प्रावधान की एक झलक दिखाई गई है :

	वास्तविक व्यय 1999–2000 (लाखों में)	बजट अनुमान 2000–2001 (लाखों में)	संशोधित व्यय 2000–2001 (लाखों में)	वास्तविक व्यय' 2000–2001 (लाखों में)
योजना	367.84	399.00	363.10	342.20
आयोजना–भिन्न	375.33	355.00	381.90	377.50
योग	743.17	754.00	745.00	719.70

' प्राप्तिकाओं का उपयोग तथा अग्रिम धन का समायोजन शामिल है।

परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व एवं उनके लिए कल्याणकारी कार्य:

परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जातियों/जनजातियों के आरक्षण तथा प्रतिनिधित्व के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों एवं निर्देशों का पालन किया जा रहा है। भर्ती/पदोन्नति रोस्टर सूत्रों के अनुसार की जाती है. परिषद् में 31.3.2000 तक कार्यरत अनुसूचित जाति/जनजातीय तथा अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों की संख्या इस प्रकार है:

अनुसूचित जाति	–	91
अनुसूचित जनजाति	–	22
अन्य पिछड़े वर्ग	–	49

वर्ष 2000–2001 में चिकित्सा अनुसंधान द्वारा चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना

परिषद् ने अपने विभिन्न इकाईयों एवं संस्थानों में बहिरंग रोगी विभाग एवं अंतरंग रोगी विभागों में अनुसंधान के ज़रिये से चिकित्सा सहायता प्रदान करना जारी रखा है। इय वर्ष के दौरान बहिरंग रोगी विभाग एवं अंतरंग रोगी विभागों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है।

(क) सामान्य क्षेत्रों में :

1.	सामान्य बहिरंग रोगियों की संख्या :	
	– नये पंजीकृत रोगियों की संख्या	91,270
	– पुराने रोगियों की उपस्थिति	1,95,128
	योग	**2,86,398**
2.	अनुसंधान के अंतर्गत रोगियों की संख्या' बहिरंग रोगी विभाग :	
	– नये पंजीकृत रोगी	2,626
	– उपस्थित हुए पुराने रोगी	6,934
	अंतरंग रोगी विभाग :	
	– नये रोगी	890
	– उपस्थित हुए पुराने रोगी	207
	योग	**10657'**

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में :

1.	सामान्य बहिरंग रोगियों की संख्या	**2,73,581**
2.	अनुसंधान के अंतर्गत रोगियों की संख्या	3,265''

(ग) रोगी जो नैदानिक सत्यापन इकाईयों में उपचारित किये गये :

1.	बहिरंग रोगियों की संख्या	**1,44,650**
2.	अनुसंधान के अंतर्गत रोगियों की संख्या	12,685''
	कुल रोगियों की संख्या जिनका उपचार किया गया	**7,04,629**

' (क) 1 के अंतर्गत शामिल रोगी।

'' (ख) 1 एवं (ग) के अंतर्गत शामिल रोगी।

नैदानिक अनुसंधान कार्यक्रम

नैदानिक अनुसंधान कार्य परिषद् द्वारा सामान्य एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्थापित इकाईयों/संस्थानों में जारी है एवं सामान्य एवं चिरकारी रोगों में चिकित्सीय मूल्यांकन किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य समस्याएँ जैसे कि फाईलेरिया/मलेरिया, एच.आई.वी./एड्स, मधुमेह शामिल है।

(क) सामान्य क्षेत्रों में नैदानिक अनुसंधान कार्यक्रम

दो प्रकार के अध्ययन, औषधोन्मुखी एवं रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान के अंतर्गत जारी हैं। छः अनुसंधान संस्थानों, 12 नैदानिक अनुसंधान इकाईयों तथा एवं नैदानिक अनुसंधान इकाई (आदिवासी) में 36 विषयों पर अनुसंधान कार्य जारी हैं। औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद की विस्तार इकाई में भी यह कार्य जारी है।

रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

इस अनुसंधान का उद्देश्य है कि एक रोग विशेष अवस्था में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का अध्ययन तथा उनके विश्वसनीय लक्षणों, पोटेन्सी तथा औषध सेवन की खुराक मात्रा एवं अन्य औषधियों से संबंध ज्ञात करना। निम्नलिखित रोग अवस्थाओं में यह अनुसंधान कार्य जारी है।

अमीबाएसिस, आचरण दोष, मंदबुद्धि बच्चों में आचरण दोष, श्वसनिका दमा, गर्भाशय ग्रीवा शोथ एवं अपरदन, शिशु दस्त रोग, पेचिश, अपस्मार, फाईलेरिया, आमाशय शोथ, जियार्डिएसिस, जिगर शोथ बी., एच.आई.वी. संक्रमण, अति निम्न घनत्व लाइप्रोटीनिमिया, उच्च रक्तचाप, विरामी ज्वर, लौह अल्पतताजन्य, अरक्तता, क्षुब्ध वृहदान्त्र संलक्षण, मलेरिया, अस्थि संधि शोथ, प्रोस्टेट ग्रन्थि में वृद्धि, गुर्दा पथरी, रूमेटाइड संधि शोथ, सिक्कल सैल अनीमिया, साईनुसाइटिस, त्वचा रोग (एलर्जिक त्वचा शोथ, अर्टिकेरिया), तुण्डिका शोथ एवं ऊपरी श्वासनली संक्रमण।

औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

रोगोन्मुखी अध्ययन के अंतर्गत प्रभावकारी औषधियों की पहचान के बाद उनके निर्दिष्ट लक्षणों की पहचान भी की जाती है। इन आंकड़ों की संपूष्टि हेतु औषधोन्मुखी अनुसंधान कार्य किया जा रहा है। कई अन्य औषधियाँ भी ज्ञात है जो अंग विशेष में प्रभावकारी होती हैं या जो पारंपरिक रूप से विशेष रोग अवस्था में प्रभावकारी पाई गई हैं। यह औषधियाँ भी इस अध्ययन में शामिल हैं। औषधोन्मुखी अध्ययन निम्नलिखित रोग अवस्थाओं में जारी है।

अमीबाएसिस, व्यवहार जन्य विकृतियाँ, ग्रैव अपकशेरूता, गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ, मधुमेह, फाईलेरिया, जापानी एन्सैफलाईटिस, पित्तीय पथरी, कृमिरूग्णता, मानव भ्रूण की कुस्थिति, अतिरज, अस्थि संधि शोथ एवं विटिलिगो।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में नैदानिक अनुसंधान

सर्वेक्षण से ज्ञात 18 सामान्य रोग अवस्थाओं में, 21 आदिवासी चिकित्सा इकाईयों में औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान कार्य जारी है। होम्योपैथिक मेटीरिया मेडिका में कई औषधियों का दुःष्प्रभाव एवं रोगसाध्यक क्षमता का उद्धरण है। इनमें कुछ औषधियों का प्रयोग काफी कम है परन्तु पारंपरिक रूप से प्रभावकारी ज्ञान होने के कारण इनकी चिकित्सीय संपुष्टि आवश्यक है। इसी हेतु 18 विभिन्न रोग अवस्थाओं में इन औषधियों पर अध्ययन जारी है। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य निर्दिष्ट औषधियों के विश्वसनीय लक्षणों को ज्ञात करना है।

निम्नलिखित रोग अवस्थाओं में चिकित्सीय अध्ययन 21 आदिवासी इकाईयों में जारी हैं।

अमीबाएसिस, अस्थि संधि शोथ, श्वसनिका दमा, श्वसनी शोथ, गर्भाशय ग्रीवा शोथ एवं अपरदन, मधुमेह, पेचिश, फाईलेरिया, जठरांत्र शोथ, कृमिरूग्णता, मलेरिया, अस्थि संधि शोथ, पेप्टिक अल्सर, नासा शोथ, त्वचा रोग, साईनुसाईटिस, तुण्डिका शोथ एवं विटिलिगो।

1. अमीबाएसिस/अमीबा–रूग्णता

(क) सामान्य क्षेत्रों में :

1) औषध रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् द्वारा अमीबाएसिस रोग पर अनुसंधान का कार्य, नैदानिक अनुसंधान इकाइ, तिरूपति (1982–83) में किया जा रहा है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये
रोगियों की संख्या	47
सुधार अनुक्रमणिका	
आरोग्यता/अभिसाधित	07
सुधार :	
– अति	09
– मध्यम	12
– अल्प	08
सुधार नहीं हुआ	05
उपचाराधीन	06

अवलोकन

लगभग सभी रोगी अमीबा पेचिश (आंत्र एमीबिएसिस)से पीड़ित थे। औषधियाँ नक्स वोमिका 30, 200, 1 एम., चाईना आफिसिनेलिस 30, 200, 1 एम., एलोज सोकोटरिना 30, 200, एवं लाइकोपोडियम 30,200,1एम लक्षणों एवं चिन्हों में सुधार लाने में सहायक सिद्ध हुई हैं। एवं इन्होंने इस रोग के लक्षणों से मुक्त करवाने में बहुत सहायता की है। इन रोगियों में लाइकोपोडियम, सल्फर एवं पल्सैटिला मध्यवर्ती दवाओं के रूप में प्रभावकारी पाई गई। यह परियोजना जारी रहेगी।

2) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का अमीबाएसिस में चिकित्सीय मुल्यांकन :

एकैरिन्थिस एस्पैरा, ईगल फोलिया, ईगल मार्मिलोस, आर्सेनिक एल्बम, एटिस्टा इंडिका, सिन्कोना आफिसिनेलिस, कोलचिकम, कोलोसिन्थिस, साएनोडोन डैक्टाईलोन, होलेर्हिना एन्टीडायसैन्टेरिका, इपिकाकुन्हा, मक्रयुरियस कोरोसिवस, मक्रयुरियस सोल्युब्लिस, नक्स वोमिका एवं सल्फर।

नैदानिक अनुसंधान इकाई, पोर्टब्लेयर (1989 से), नैदानिक अनुसंधान इकाई, गुवाहाटी (1985 से) में इस परियोजना पर कार्य चल रहा है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	78	09
सुधार अनुक्रमणिका		
सुधार :		
– अति	69	09
– मध्यम	07	—
असूचित	02	—

अवलोकन

अध्ययन के अंतर्गत पंजीकृत रोगी अमीबा–पेचिश के हैं। नियत की हई दवाऐं एमीबिएसिस के व्यक्तिनिष्ठ एवं वस्तुनिष्ठ लक्षणों को कम करने में बहुत प्रभावकारी पाई गई हैं। यह देखा गया है कि देशी दवाऐं एटिस्टा इंडिका तथा होलेर्हिना एन्टीडायसेन्ट्रिका नियत की गई दवाओं में से सबसे प्रभावकारी रही। 33 रोगियों में 2–3 महीनों तक एवं 17 रोगियों में 3–6 महीनों तक रोग की कोई भी पुनरावृति नहीं हुई तथा 33 रोगियों में बहुत कम तीव्रता में रोग की पुनरावृति पाई गई। 61 रोगियों में से, जिनमें उपचार पूर्व एंटअमीबा हिस्टोलिटिका सिस्ट पाये गये थे, 50 रोगियों में उपचार के पश्चात वह लुप्त हो गये। यह परियोजना जारी रहेगी।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में :

एमीबिएसिस में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मुल्यांकन :

एल्स्टोनिया कन्सट्रिक्टा, एम्ब्रोसिया, एस्क्लेपियास टयुब्रोसा, एटिस्टा इंडिका, साएनोडोन डैक्टाईलोन, एमेटिन, फाईकस इंडिका, हेलीबोरस, होलेरहिना एण्टीडाइसैन्टेरिका (कुर्ची), सिल्फियम, लैप्टेण्डरा, रेफनस, ट्रोम्बीडियम, जैन्थोजाईलम, जिंकम सल्फ्युरिकम।

नैदानिक अनुसंधान इकाई (आदि.) डन्डेली, दीमापुर, ईटानगर, जैपोर, खोंगजोम, गंगटोक तथा अगरतला में इस परियोजना पर कार्य हो रहा है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

इस समय के दौरान 552 नये रोगियों का पंजीकरन किया गया। और नियत की गई दवाऐं 378 रोगियों में प्रभावकारी पाई गई। इन रोगियों में परिवर्ती मात्रा में सुधार पाया गया।

अवलोकन

नियत की गई दवाओं में से साइनोडोन डैक्टाइलान, एटिस्टा इंडिका, फाइकस इंडिका, ट्राम्बिडियम, एमेटिन, एवं लैपेटन्ड्रा अत्याधिक प्रभावकारी पाई गई है। लाभांवित रोगियों में से 51 प्रतिशत को इन दवाओं से लाभ पहुंचा। इन दवाओं के विश्वसनीय लक्षणों की और अधिक जांच की जा रही है।

2. संधि शोथ

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

संधिशोथ पर निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक रूप से मूल्यांकन करना :

एक्टिया स्पाईकेटा, एन्गयुस्चूरा वेरा, कालोफाइलम, फार्मिका रूफा, फार्मिक एसिड, लिथियम कार्बोनिकम, मैग्नोलिया ग्रेन्डीफ्लोरा, रेडियम ब्रोमेटम तथा स्टेलेरिया मीडिया। कैल्केरिया फ्लोरिकम, गालथेरिया, गुएकम, मलेरिया आफिसिनेलिस, मेडोराइनम, ओस्टियो आर्थराइटिस नोसोड, रैमनस कैलिफोर्निका, स्टेलेरिया मीडिया, एक्स–रे।

नैदानिक अनुसंधान इकाईयों (आदिवासी) भरमौर, भरौच, डान्डेली, सिलीगुड़ी तथा जगदलपुर में इस परियोजना पर कार्य हो रहा है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	—	329
लाभान्वित रोगियों की संख्या	—	215

अवलोकन

इस वर्ष के दौरान एक्टिया स्पाईकेटा, कोलोफाईलम, फार्मिका रूफा, फार्मिक एसिड, रेडियम ब्रोमेटम, मैगनोलिया ग्रैंडीफलोरा एवं लिथियम कार्बोनिकम प्रभावकारी पाई गई। सुधरे हुए रोगियों में मैडोराइनम 07 रोगियों में एवं कैलकेरिया फलोरिकम 07 रोगियों में मध्यवर्ती दवाओं के रूप में कारगर रही।

3. व्यवहार जन्य विकृतियाँ/आचरण दोष

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम (केरल) में व्यवहारजन्य विकृतियों में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता के मूल्यांकन का अध्ययन किया जा रहा है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष के दौरान संस्थान में विभिन्न मानसिक–विकृतियों के 319 रोगी पंजीकृत किए गए। इनमें से 21 रोगी अभिसाधित हुए, तथा 198 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर सुधार पाया गया।

629 पुराने रोगी अनुवर्तन के लिए उपस्थित हुए। इनमें से 47 रोगी अभिसाधित हुए, तथा 311 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर सुधार पाया गया।

अवलोकन

यह परियोजना हनीमैन द्वारा किये गये मानसिक विकारों के वर्गीकरण के आधार पर प्रारंभ की गई है तथा पंजीकृत रोगियों का वर्गीकरण भी तदनुसार किया जा रहा है। ऐसा देखा गया है कि भावनात्मक मनोविकृतियों (अफेक्टिव साइकोसिस) के रोगियों में सुधार की दर दूसरी मानसिक बीमारियों की तुलना में ज्यादा है। इसकी तुलना में खंडित मनस्कता (शिज़ोफेनिया) के रोगियों में सुधार की दर कम है। इन स्थितियों में बैलाडोना, इगनेशिया, सीपिया, नैट्रम म्यूर, टयूबरक्यूलाइनम पल्सेटिला, सल्फर, फासफोरस, स्ट्रैमोनियम एवं आरनिका सबसे प्रभावकारी रही हैं। यह परियोजना जारी रहेगी।

(अ) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

व्यवहार जन्य विकृतियों में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करना।

बैलाडोना, हायोसाएमस नाईगर, इग्नीशिया अमारा, लैकिसिस, नैट्रम म्यूरियाटिकम, नक्स वोमिका, फारफोरस, पल्सैटिला, स्ट्रेमोनियम तथा सल्फर।

यह परियोजना केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), कोट्टायम में अप्रैल 1990 से प्रारंभ की गई तथा मार्च 2000 तक जारी रही। इस अवधि के दौरान 1115 रोगियों का अध्ययन किया गया। अनुसंधान के अंतर्गत रोगियों का चुनाव, उनके कष्टों की प्रबलता तथा सुधार का निर्धारण, संस्थान द्वारा अपनाये गये विभिन्न मापदण्डों के अनुसार किया गया। अध्ययन किये जा रहे इन रोगियों का रोगनिदान सम्पूर्ण रूप से नैदानिक लक्षणों के आधार पर किया गया। रोग की अवधि एक महीने से 42 साल तक की थी। जिन आचरण दोषों की विभिन्न नैदानिक किस्मों का अध्ययन किया गया, वे इस प्रकार हैं।

आंशिक मनोविकार, कार्यात्मक मनोविकार, खंडित मनस्कता, व्यामोहाभ विकार, भावात्मक विकार, दुश्चिंता विकार, मनःकायिक विकार। तथा जो दवाऐं सबसे प्रभावकारी पाई गई वे इस प्रकार है। बैलाडोना 30,200,1एम, हायोसायमस 30,200,1एम, इगनेशिया 30,200,1एम, लैकेसिस 30,200,1एम, नैट्रम म्यूरैटिकम 30,200,1एम, 10एम, नक्स वोमिका 30,200,1एम, 10एम, 50एम, फासफोरस 30,200,1एम, स्ट्रैमोनियम 30,200,1एम, एवं सल्फर 30,200,1एम, 50 एम।

4. मंदबुद्धि बच्चों में आचरण दोष

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम (केरल) में जुलाई 1991 से मार्च 2001 तक इस परियोजना पर कार्य किया गया इसका उद्देश्य मंदबुद्धि बच्चों के आचरण दोषों में होम्योपैथिक दवाओं की प्रभावोत्पादकता का अध्ययन करना था। इस अवधि में 865 बच्चों पर अध्ययन किया गया। ये मंदबुद्धि बच्चे उन विशेष विद्यालयों से चुने गये थे जो इन बच्चों को विशेष शिक्षा सुविधायें प्रदान करते थे। वे मंदबुद्धि बच्चों को व्यष्टिसापेक्ष शिक्षा कार्यक्रम द्वारा घरेलू कलाओं एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिये तैयार करते हैं। इन 865 बच्चों में से 18 अति मंदबुद्धि, 323 मध्यम मंदबुद्धि तथा 494 निम्न मंदबुद्धि के थे। अधिकतर रोगी निम्न आय वर्ग के थे जिनमें आनुवांशिक कारक के पूर्वयोगी कारण होने के साथ जटिल प्रसव भी एक कारक था। 482 रोगियों में सोरा सबसे प्रभावी मियासम पाया गया। जो आचरण दोष आम तौर पर देखे गये, उनका विवरण इस प्रकार है :

आचरण दोष	रोगियों की संख्या	लाभान्वित	असंशोधित
दूसरो पर आक्रमण	123	94	29
विनाशकारी आचरण	132	107	25
विघटनकारी आचरण	137	89	48
आत्मक्षति	157	117	40
दोहराना – स्टीरियोटाइपड	71	21	50
– विचित्र	62	19	43
समाज विरोधी	33	24	09
विनिवर्तन	32	17	15
विद्रोही	47	29	18
अतिसक्रिय	79	31	48

नैदानिक अवस्थायें

	रोगियों की संख्या	लाभान्वित	असंशोधित
स्वपरायणता	79	46	33
विकासात्मक विलंब	172	115	57
अवसाद	29	12	17
हकलाना	15	07	08
लैंगिक उत्तेजना	142	86	56
लारस्त्राव	112	92	20
चोर्योन्माद	15	05	10

नियमित अनुवर्तन से यह ज्ञात हुआ है कि होम्योपैथिक दवाओं जैसे बैलाडोना, सल्फर, नक्सवोमिका, कैमोमिला, स्ट्रैमोनियम, बैरायटा काबोनिकम, कैल्केरिया कार्बोनिका, हायोसायमस, पल्सटिला, ट्यूबरक्यूलाइनम, कैल्केरिया फासफोरिकम एवं टैरन्टुला हिस्पैनिका की सहायता से हम इन मंदबुद्धि बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन ला सकते है और इन्हें कुछ हद तक प्रशिक्षणीय एवं आत्मनिर्भर बना सकते है।

5. श्वसनिका दमा

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने 1979 में यह परियोजना श्वसनिका दमा में होम्योपैथिक दवाओं की क्षमता का मूल्यांकन एवं जांच करने के लिए आरम्भ की। सबसे प्रभावकारी दवाओं (उनके विश्वसनीय लक्षणों के साथ) की पहचान की गई। परन्तु 1996–97 से के.हो.अ.प. की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में दिये गये सुझावो के अनुसार इस परियोजना में किंचित परिवर्तन कर दिया गया है तथा अब हनीमैन की धारणा पर आधारित निम्नलिखित विषयों पर अध्ययन किया जा रहा है।

- मियाज्मैटिक पृष्ठभूमि का पता लगाना
  नैदानिक अनुसंधान इकाई, शिमला तथा क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुड़िवाडा।
- सतत् अवस्था वाले दमा में उपयोगी होम्योपैथिक औषधियों का पता लगाना
  क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडिवाडा, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली तथा होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर।
- मौसम–परिवर्तन के दौरान और अधिक बीमार हो जाने वाले रोगियों के लिए होम्योपैथिक औषधियों का पता लगाना क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली, होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर, नैदानिक अनुसंधान इकाई, उडूपी तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई, पटियाला।
- एलोपैथिक दवाओं पर निर्भरता कम करने के लिए होम्योपैथिक औषधियों की खोज करना
  नैदानिक अनुसंधान इकाई, शिमला, नैदानिक अनुसंधान इकाई, उडूपी, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई, पटियाला।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	126	112
सुधार अनुक्रमणिका		
सुधार :		
– अति	21	43
– मध्यम	29	50
– अल्प	52	16
असूचित	07	—
छोड़ दिए गए	06	03

अवलोकन

यह अवलोकित हुआ है कि 11 नए रोगियों एवं 35 पुराने रोगियों में किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं हुई तथा 02 नये 05 पुराने रोगियों में बहुत कम तीव्रता में पुनरावृति हुई।

मौसम परिवर्तन के दौरान प्रभावकारी पाई गई औषधियाँ – आर्सेनिकम एल्बम, काली कार्बोनिकम, नैट्रम सल्फ्यूरिकम, हि... सल्फ्यूरिस कैल्केरियम, टयूबरक्यूलाइनम, कार्बो वेजीटेबिलिस, लैकेसिस, नक्स वोमिका, फासफोरस, पल्सेटिला एवं सीपिया।

एलोपैथिक एवं अन्य औषधियों पर निर्भरता कम करने में प्रभावकारी पाई गई औषधियाँ – अमोनियम कार्बोनिकम, आर्सेनि... एल्बम, एंटीमोनियम टार्टेरिकम, काली कार्बोनिकम, काली म्यूरियाटिकम, सैंबुकस नाइगरा, सल्फर, फासफोरस, पल्सैटि... लैकिसिस, सीपिया, हिपर सल्फ्यूरिस कैल्केरियम तथा नैट्रम सल्फ्यूरिकम।

निम्नलिखित रोगियों में एलोपैथिक दवाऐं कम कर दी गई है अथवा बंद कर गई है :–

एलोपैथिक दवाओं की मात्रा	उपचार पूर्व	रोगियों की संख्या: उपचार के पश्चात् कमी हुई	समाप्त
1. पफ	16	08	08
2. मुख से (श्वसनी विस्फारक)	27	11	14
3. प्रतिएलर्जी	12	—	12
4. कास रोधी	07	—	07
5. प्रति जैविकी	17	—	17
6. स्टीरोएड	02	—	02
7. जिन्हें चिकित्सा से पूर्व आक्सीज़न एवं दवाओं के लिये अतः चिकित्सालय की आवश्यकता पड़ती थी।	20	01	14

' नए एवं पुराने (अनुवर्तन में चल रहे) रोगियों के आंकड़े शामिल है।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

श्वसनिका दमा में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का चिकित्सीय रूप से मूल्यांकन करना :

एम्ब्रा ग्रीसिया, कैलेडियम, कैसिया सोफेरा, कोका, ग्रिंडेलिया रोबस्टा, हाइड्रोसायनिक एसिड, काली क्लोरिकम, मोस्कस, नाजा ट्रिपुडियंस, पोथोस फिटिडस।

यह परियोजना डंडेली एवं लेह स्थित नैदानिक अनुसंधान इकाइयों (आदिवासी) में जारी है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	:	46
लाभान्वित रोगियों की संख्या	:	20

अवलोकन

लाभान्वित रोगियों में से 13 रोगियों को इन 2 दवाओं से सुधार आया।

6. श्वसनी शोथ

(क) आदिवासी क्षेत्रों में

(अ) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

श्वसनी शोथ में निम्नलिखित औषधियों की चिकित्सीय प्रभावकारिता का मूल्यांकन :

अमोनिएकम डिरोनिया, एण्टीमोनियम आयोडेटम, युकैलिप्टस, जस्टीशिया एधाटोडा, काली आयोडेटम, लोबेलिया इन्फलेटा लुफ्फा आपेर्कुलेटा, सेनेगा, सोलेनम एसिटिकम।

यह अध्ययन नैदानिक अनुसंधान इकाई (आदिवासी), गंगटोक तथा जैपोर में जारी है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किये गये रोगियों की संख्या	:	113
लाभान्वित रोगियों की संख्या	:	66

अवलोकन

श्वसनी शोथ के लिए नियत दवाओं में से सेनेगा, लोबेलिया इन्फलाटा, काली आयोडेटम, जस्टीशिया एधाटोडा एवं एन्टीमोनियम आयोडेटम सबसे अधिक प्रभावकारी पाई गई। इन दवाओं के अधिकतर सूचन लक्षणों की पहचान कर ली गई है तथा उनकी जांच की जा रही है। परन्तु इसकी और अधिक नैदानिक पुष्टीकरण की आवश्यकता है।

7. ग्रैव अपकशेरुता

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का ग्रैव अपकशेरुता में नैदानिक मूल्यांकन

7855 16/6/05 नई दिल्ली

कैल्केरिया फ्लोरिकम, सिमिसिफ्यूगा, ग्वैकम, काली कार्बोनिकम, फाइटोलैक्का, रस टाक्सीकोडेड्रान, स्टिकटा।

नैदानिक अनुसंधान इकाईयों, पटियाला तथा उडुपी में अगस्त 1997 से इस परियोजना पर कार्य हो रहा है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष में 18नये रोगी पंजीकृत किये गये। इनमें से 12 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर सुधार देखा गया (01 रोगियों में खासा, 02 रोगी में मध्यम तथा 09 रोगियों में अल्प) तथा 05 रोगी अनुवर्तन के लिए नहीं आये। 15 पुराने रोगी जो अनुवर्तन के लिए आये, उनमें से 11 में परिवर्ती स्तर पर सुधार पाया गया।

अवलोकन

यह देखा गया है कि ग्रैव संधियों की दर्द, सूजन एवं अकडन तथा चक्करों को नैदानिक रूप से बहुत कम समय में सफलतापूर्वक नियंत्रित कर लिया गया (कुछ रोगियों में यह लुप्त भी हो गये)। परन्तु विकृति के साथ इसके परस्पर संबंध की जानकारी अभी आवश्यक है क्योंकि अध्ययन की अवधि तथा अध्ययन किए जा रहे रोगियों की संख्या अभी बहुत कम है। रोगियों में सिमिसिफ्यूगा, काली कार्बोनिकम तथा रस टॉक्स प्रभावकारी पाई गई। यह परियोजना अभी जारी है।

8. गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने यह परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई, शिमला में अप्रैल 1989 से, नैदानिक अनुसंधान इकाई, इम्फाल में 1989 से तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई, तिरूपति में नवंबर 1988 से शुरू की है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	106	280
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अभिसाधित	—	30
– अति सुधार	12	111
– मध्यम सुधार	42	70
– अल्प सुधार	36	53
असंशोधित	11	16
असूचित	05	—

अवलोकन

अध्ययन की प्रक्रिया के दौरान यह देखा गया कि निर्दिष्ट होम्योपैथिक दवाओं जैसे आर्सेनिक एल्बम, बोरैक्स, बोरिक, क्रियोसोट, लैकिसिस, सिपिया तथा पल्सैटिला आदि ने न केवल गर्भाशय ग्रीवा शोथ एवं अपरदन से सम्बन्धित व्यक्ति निष्ठ वस्तुनिष्ठ लक्षणों जैसे श्लेष्मपूयाभस्त्राव, संभोग के पश्चात दाग लगना, पीठ दर्द, सकष्टसंगम, बार–बार मूत्रण तथा गर्भाशय रक्ताधिक्य में न केवल राहत पहुंचाने में बल्कि उन्हें समाप्त करने में भी बहुत सहायता की है। रोगियों के सामान्य स्वास्थ्य में

पाया गया ;32 रोगियों में होमोग्लोबिन में, 35 रोगियों में इ.एस.आर. (लोहित कोशिका अवसादन दर) में एवं 60 रोगियों में विभेदक रक्त गणन (डिफ़ैन्शियल काउंट में) 37 रोगियों में साधारण चपटा अपरदन, 23 रोगियों में अकुरकवत अपरदन, 16 रोगियों में पुटीय अपरदन में सुधार हुआ तथा अन्य बीमारियों जैसे 02 रोगियों में तान्तव (फाइब्रायड), 15 रोगियों में अतिरक्तस्त्राव एवं कष्टार्तव, 10 रोगियों में अनियमित मासिक धर्म भी अभिसाधित हुए। नये तथा पुराने 68 रोगियों में किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं पाई गई। यह परियोजना अभी जारी है।

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का नैदानिक मूल्यांकन :

एल्यूमिना, आर्सेनिकम एल्बम, बोरैक्स, कैल्केरिया कार्बोनिकम, काली कार्बोनिकम, क्रिआंजोट, लैकिसिस, मर्क्युरियस सोलुबिलिस, नैट्रम म्युरियाटिकम, पल्सैटिला तथा सेपिया।

नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), तिरूपति 1995 से तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), वाराणसी 1990 से इस परियोजना पर कार्य कर रही हैं।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	82	176
सुधार अनुक्रमणिका' :		
– अति	03	60
– मध्यम	19	41
– अल्प	11	25
असंशोधित	06	05

' उल्लिखित सुधार तालिका केवल नैदानिक अनुसंधान इकाई, तिरूपति से संबंधित है।

अवलोकन

इस वर्ष के दौरान बोरैक्स, एल्यूमिना तथा सिपिया व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों से राहत पहुंचाने में सबसे प्रभावकारी औषधियां रही तथा 89 प्रतिशत रोगियों में इनकी चिकित्सीय प्रभावकारिता देखी गई। निर्दिष्ठ दवाओं के कुछ विश्वसनीय लक्षणों की भी पुष्टि की गई परन्तु पुनःपुष्टिकरण के लिए उनके प्रमाणीकरण की आवश्यकता है। नये तथा पुराने रोगियों को मिला कर 47 रोगियों में किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं पाई गई तथा 86 रोगियों में कम मात्रा में पुनरावृति हुई। यह परियोजना जारी रहेगी।

9. मधुमेह

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

मधुमेह में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का नैदानिक मूल्यांकन :

सिफेलैण्डरा इंडिका, रहस ऐरोमेटिका तथा चियोनैन्थस।

परिषद् ने यह परियोजना क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में अप्रैल 1987 से, नैदानिक अनुसंधान इकाई, चेन्नई में 1989 से तथा औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद विस्तार इकाई में जुलाई 1992 से शुरू की है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	112	56
(क) सिफेलेन्डरा इंडिका	56	18
(ख) रस एरोमैटिका	27	33
(ग) शियोनेन्थस	06	05
केवल उपस्थित हुए रोगी		
(1) सुधार अनुक्रमणिका :		
(अ) मात्र होम्योपैथिक औषधि से उपचारित (सिफेलेन्डरा इंडिका)	35	11
– सुधार	27	11
– उपचाराधीन	08	—
(ब) होम्योपैथिक के साथ–साथ एलोपैथिक दवा	20	07
– सुधार	16	07
– उपचाराधीन	04	—
(सिफेलेन्डरा से 1 रोगी में इंसुलिन की मात्रा रोजाना 35 यूनिट से कम हो कर 30 यूनिट हो गई)		
(2) सुधार अनुक्रमणिका :		
(अ) मात्र होम्योपैथिक औषधि से उपचारित (रस एरोमैटिक्स मदर टिंक्चर)	03	04
– सुधार	02	04
– उपचाराधीन	01	—
(ब) होम्योपैथिक के साथ–साथ एलोपैथिक दवा	24	29
– सुधार	02	21
– उपचाराधीन	22	08

(3) सुधार अनुक्रमणिका :

(अ) मात्र होम्योपैथिक औषधि से उपचारित (शियोनेन्थस मदर टिंक्चर)	04	03
– सुधार	02	03
– उपचाराधीन	02	—
(ब) होम्योपैथिक के साथ–साथ एलोपैथिक दवा	02	02
– सुधार	01	01
– उपचाराधीन	01	01

अवलोकन

पंजीकृत किए गए अधिकांश रोगी इंसुलिन पर निर्भर नहीं करने वाले मधुमेह से पीड़ित है। औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद में बाह्य स्नायु रोग के 18 पुराने रोगियों में से 10 रोगियों में सुधार हुआ, 12 पुराने रोगियों में संवहनी रोग (आवर्तक क्लाडीकेशन) पाया गया तथा अनुवर्तन के दौरान 04 रोगियों में सुधार हुआ, 21 पुराने रोगियों में एल्ब्युमिन अल्पमात्रा में पाया गया तथा 10 रोगियों में उपचार के पश्चात वह लुप्त हो गया, 08 पुराने रोगियों में पीप कोशिकाऐं पाई गई एवं 05 रोगियों में रस एरोमैटिकस मदर टिंक्चर से आराम पहुंचा। क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली में 06 पुराने रोगियों में सिफेलेन्डरा इंडिका मदर टिंक्चर से क्रमशः कम करते जाने की विधि द्वारा एलोपैथी दवाऐं हटा ली गई। यह परियोजना अभी जारी है।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

मधुमेह में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक मूल्यांकन :

एब्रोमा आगस्टा, सिफैलेण्डरा इंडिका, चिमाफिला अम्बेलेटा, चियोनैन्थस, ग्लिसराईनम, इन्सुलिन, इनूला, लैक डिफ्लोरेटम, लैक्टिक एसिड, साइजिजियम जैम्बोलेनम, थायरोएडिनम एवं यूरेनियम नाइट्रिकम।

यह परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (आदिवासी), पांडिचेरी, सेलम एवं विजयवाड़ा में चल रही है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	–	216
लाभान्वित रोगियों की संख्या	–	46

अवलोकन

इस परियोजना में निर्दिष्ट औषधियों में से सिफैलेण्डरा इंडिका, इनसुलिनम तथा लैक्टिक एसिड प्रभावकारी पायी गई।

10. शिशु दस्त रोग

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने अगस्त 1997 से, होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर में, बच्चों में दस्त की बीमारी में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता पर एक अध्ययन योजना शुरू की है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	51	50
सुधार अनुक्रमणिका :		
अभिसाधित		
सुधरे हुए	23	27
– अति		
– मध्यम	07	05
– अल्प	03	08
	18	—

अवलोकन

47 रोगियों में उपचार की अवधि के दौरान किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं देखी गई। कैमोमिला 30, चाइना 30, मरक्यूरि सोलुबिलिस तथा पोडोफाईलम 30 व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तु निष्ठ लक्षणों में राहत पहुंचाने में सबसे प्रभावकारी रही। नये तथा पु रोगियों के मिला कर उपचार के दौरान 50 रोगी अभिसाधित हुए। यह परियोजना अभी जारी है।

11. पेचिश

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

अप्रैल 1988 से, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) गुडिवाड़ा में पेचिश में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता चिकित्सीय मूल्यांकन करने के लिए परिषद द्वारा एक अध्ययन शुरू किया गया है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	52	83
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	10	29
– मध्यम सुधार	10	27
– अल्प सुधार	18	22
उपचाराधीन	13	05
असूचित	01	—

अवलोकन

अध्ययन किए गये सभी रोगी अमीबा पेचिश के थे। निर्दिष्ट होम्योपैथिक दवाऐं व्यक्तिनिष्ठ/वस्तुनिष्ठ लक्षणों में राहत पहुंचाने में तथा अतिपाती दौरे को नियंत्रित करने में बहुत सहायक रही हैं। रोगात्मक जांच दोहराने पर देखा गया कि 15 नये एवं 48 पुराने रोगियों में हीमोग्लोबिन बढ़ गया, 05 नये एवं 10 पुराने रोगियों में ई.एस.आर. सामान्य स्तर पर आ गया तथा 2

नये एवं 48 पुराने रोगियों में एन्ट अमीबा हिस्टोलिटिका कृमिकोष लुप्त हो गया। नक्स वोमिका, कार्बो वेजिटेबिलिस, लाईकोपोडियम तथा सल्फर चिरकालिक रोगियों में प्रभावकारी रही तथा अतिपाती रोगियों में मरक्यूरियस सोलुबिलिस ने सर्वोतम परिणाम दिखाए। यह परियोजना जारी रहेगी।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

पेचिश रोगियो में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक मूल्यांकनः

एल्सटोनिया कंस्ट्रीक्टा, एम्ब्रोसिया, एस्कलेपियास ट्यूब्रोसा, एटिस्टा इंडिका, साइनोडोन डैक्टाइलोन, एमेटिन, फाइकस इंडिका, हेलेबोरस, होलेर्हेना एंटिडाइसेंटेरिका, लेप्टेण्डरा, सिल्फियम, रेफेनस, ट्रोम्बिडियम, जैन्थोसाइलम तथा जिंकम सल्फ्यूरिकम।

नैदानिक अनुसंधान इकाइयाँ (आदिवासी), ऐजवाल, भारूच, लेह, शिलोंग, विजयवाड़ा तथा सिलिगुड़ि में इस परियोजना पर कार्य चल रहा है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	–	295
लाभान्वित रोगियों की संख्या	–	131

अवलोकन

भारतीय औषधियों यानि साइनोडोन डैक्टाइलोन (दूब घास), एटिस्टा इंडिका (बानिंबु), तथा फाइकस इंडिका ने सुधरे हुए रोगियों में से 45 प्रतिशत में लाभ पहुंचाया एवं सबसे अधिक प्रभावकारी रहीं। इनके अलावा ट्रोम्बिडियम, एल्सटोनिया कंस्ट्रिक्टा, तथा एमेटिन से भी सुधरे हुए रोगियों में से 49 प्रतिशत को लाभ पहुंचा। यह परियोजना जारी रहेगी।

12. मिरगी रोग/अपस्मार

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम में 1980 से तथा क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, गुड़िवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में अप्रैल, 1988 से यह परियोजना शुरू की है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	47	36
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	08	04
– मध्यम सुधार	07	05
– अल्प सुधार	17	24
असूचित	04	01
उपचाराधीन	09	—
असंशोधित	02	02

अवलोकन

होम्योपैथिक दवाओं ने न केवल मिरगी रोग से संबधित व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों मे राहत पहुंचाने में बल्कि उन्हें ल करने तथा उनके दौरों की अवधि, प्रबलता व प्रायिकता को कम करने में भी बहत सहयोग दिया है। मिरगी रोग में क्यूपरम मेटे नैट्रम म्यूरिएटिकम, नैट्रम सल्फयूरिकम तथा पल्साटिला की चिकित्सीय प्रभावकारिता देखी गई। उपचार के दौरान 41 रोगि से किसी में भी मिरगी के दौरों की पुनरावृति नहीं हई। परन्तु उन्हे और अनुवर्तन की आवश्यकता है। केन्द्रीय अनुसंधान सं कोट्टायम में 1997 से 2001 तक 98 रोगियों का अनुवर्तन किया गया तथा 72 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर सुधार आया। इ 54 रोगियों में अच्छा खासा सुधार आया जिसमें से 31 रोगी ग्रैंडमाल, 15 रोगी पेटिट माल, 05 रोगी लक्षणात्मक तथा 02 रोगी आक्षेप के थे। 16 रोगियों में मध्यम स्तर का सुधार आया जिनमें से 8 ग्रैंडमाल, 8 पेटिट माल के थे। 2 रोगियों में निम्न स्त सुधार आया जिनमें से 1 पेटिट माल तथा 1 रोगी जी.टी.सी.ई. का था। जो दवाऐं इन रोगियों में प्रभावकारी रही वे इस प्र : हायोसायमस 200, कैल्केरिया कावोनिकम 200, 1एम, बैलाडोना 200, नक्स वोमिका 30,200,1एम, नक्स मोस्केटा 1एम, जैल्सी 30,200,, इगनेशिया 200, 1एम, अर्जेन्टम नाइट्रिकम 1एम, कास्टिकम 30, लैकेसिस 30, आर्सेनिकम एल्बम 200 तथा स्ट्रैमोनियम यह परियोजना अभी जारी है।

13. फाइलेरिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

नैदानिक अनुसंधान इकाई तिरूपति में 1980 से फाइलेरिया पर रोगोन्मुखी अनुसंधान शुरू किया गया है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	54	54
सुधार अनुक्रमणिका :		
अभिसाधित	..	09
– अति सुधार	11	11
– मध्यम सुधार	14	10
– अल्प सुधार	15	18
कोई सुधार नहीं	05	06
उपचाराधीन	09	—

अवलोकन

अधिकतर निर्दिष्ट औषधियों के विश्वसनीय संकेतों की जाँच कर ली गई है। रहस टॉक्सीकोडेंड्रोन तथा ब्रायोनिया एल्बा कई रोगियों में न केवल फाइलेरिया से संबंधित कष्टों से राहत पहुचाने में बल्कि उन्हें लुप्त करने में तथा आवेगी दौरों की तीव्र को कम करने में भी बहत सहयोग दिया है। लसीका शोफ की प्रांरभिक अवस्था में विशेषतया दाबगर्तक किस्म चिकित्सा से वशव है परन्तु अदाबगर्तक किस्म एवं हाथी पांव में लंसीका शोथ केवल कुछ हद तक ही कम हुआ, यह नीचे दी गई सारणी से विदि है। यह परियोजना अभी जारी है।

वस्तुनिष्ठ लक्षणों का मूल्यांकनः

	उपचार से पूर्व	उपचार के पश्चात् (लुप्त हो गए)	कम हो गए
लसीका शोफ ग्रेड – I	21	15	06
लसीका शोफ ग्रेड – II	55	16	39
लसीका शोफ ग्रेड – III	12	—	12
लसीकापर्व विकृति	79	31	48
लसीका वाहिनी शोथ	77	31	46

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

फाइलेरिया में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावोत्पादकता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

एपिस मेलिफिका, बैलाडोना, ब्रायोनिया एल्बा, लाइकोपोडियम, मर्क्यूरियस सोल्युब्लिस, नैट्रम म्युरियाटिकम, पल्सैटिला, रोहडोडेण्डरान, रहस टॉक्सीकोडेण्ड्रोन तथा सल्फर।

यह परियोजना होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, पुरी में 1981 से तथा क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडिवाड़ा में 1985–86 से जारी है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	564	381
सुधार अनुक्रमणिका :		
अभिसाधित	—	10
– अति सुधार	04	58
– मध्यम सुधार	—	107
– अल्प सुधार	30	138
कोई सुधार नहीं	—	54
उपचाराधीन	520	03
असूचित	10	11

अवलोकन

फाईलेरिया एक चिरकालिक आवर्ती रोग है जिसमें अतिपाती तीव्रताऐं आती रहती है, इसे लम्बे उपचार एवं अनुवर्तन की आवश्यकता होती है। वर्ष 2000–2001 के दौरान अनुवर्तन के लिए आए 283 रोगियों के मूल्यांकन से यह पता चलता है कि रोग के व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों विशेषतया अतिपाती रोगियों में, बहुत सुधार आया है। 1 माह से से 5 वर्ष तक चले उपचार के दौरान परिवर्ती स्तर पर सुधार पाया गया। बिना किसी विध्नकारी परिवर्तन वाले अतिपाती रोगियों में होम्योपैथिक उपचार का अच्छा प्रभाव पडा। सबसे विलक्षण प्रतिक्रिया लसीका शोफ ग्रेड। में देखी गई जो 47 रोगियों में पूर्ण रूप से लुप्त हो गया तथा

लसीका शोफ ग्रेड।। में 8 रागिया में पूर्ण रूप से लुप्त हो गया तथा 72 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर सुधार आया। हाथी पांव
चिरकालिक रोगियों में अपरिवर्तनीय बदलावों की वजह से उपचार का प्रभाव सीमित रहा परन्तु अतिपाती दौरों के कई मामलों
उल्लेखनीय कमी पाई गई। फाईलेरिया की दर्दों के साथ–साथ हाथीपांव वाली टांग के चमडीरोग एवं भारीपन के एहसास से
राहत मिली तथा रोगी अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों को पहले से बेहतर तरीके से करने के काबिल हो गया। सुधरे हुए रोगि
को (अतिपाती एवं चिरकालिक दोनों) रस टाक्स, ब्रायोनिया एल्बा, एपिस मेलिफिका तथा सल्फर से लाभ पहुंचा। यह देखा
है कि समय–समय पर पुनरावृत होने वाले दौरों को रोकने के लिए चिकित्सा. के दौरान मध्यवर्ती एंटीमियासमेटिक औषधियों
सल्फर, सोरिनम, थूजा, मेडोराइनम तथा सिफिलाइनम की आवश्यकता रहती है। क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडिवाडा
व्यक्तिनिष्ठ एवं वस्तुनिष्ठ लक्षणों में राहत मिलने के साथ साथ निम्नलिखित विकृतिजन्य रिपोर्ट भी सामान्य हो गई

	रोगियों की कुल संख्या असामान्य वर्ग उपचार से पूर्व	 सामान्य वर्ग उपचार के पश्चात
1. इयोसिन रागी कोशिका बहुलता	43	16
2. उदासीन रागी कोशिका बहुलता	08	08
3. उदासीन रागी कोशिकाल्पता	69	14
4. लसीका कोशिका बहुलता	75	14
5. लसीका कोशिकाल्पता	03	02
6. श्वेतकोशिका बहुलता	52	25
7. श्वेतकोशिकाल्पता	02	02
8. अतिशर्करारक्तता	02	
9. अतिह्रीमोग्लोबिन रक्तता	15	05
10. ई.एस.आर.	41	18

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

फाइलेरिया में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन करना :

एपिस मेलिफिका, बैलाडोना, ब्रायोनिया एल्बा, लाइकोपोडियम मक्रयूरियस सोलुबिलिस, माइक्रोफाइलेरिया, नैट्रम म्युरियाटिकम, रोडोडेंड्रोन, कोडिड औषधि।

यह परियोजना चिकित्सा अनुसंधान इकाई (आदिवासी), राँची में जारी है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष में फाईलेरिया के 109 नये रोगी पंजीकृत किए गए तथा 26 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर सुधार देखा गया।

अवलोकन

निर्दिष्ट औषधियों में से 30 और 200 पोटैंसी में ब्रायोनिया एल्बा सबसे अधिक उपयोगी औषधि रही। 26 लाभान्वित रोगियों में से 24 रोगियों में केवल ब्रायोनिया से सुधार हुआ।

14. पित्तीय पथरी/पित्ताश्मरी

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

पित्तीय पथरी के उपचार में विशेषतया पथरी को लुप्त करने अथवा उसके आकार में कमी लाने में एक दुर्लभ औषध फेल टौरी के लाभदायक परिणामों के बारे में उल्लेख है। इसकी प्रभावकारिता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन करने हेतु, परिषद् ने जनवरी 1990 से जून 2000 तक क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में इस परियोजना पर कार्य किया है। इस परियोजना के अंतर्गत 382 रोगी पंजीकृत किये गये जिनका रोग निदान वैकृत प्राप्तियों के आधार पर किया गया था। 29 रोगियों का 2 वर्ष से अधिक समय तक अनुवर्तन किया गया तथा अधिकतम अनुवर्तन 7 वर्ष तक चला। 33 रोगियों मे अल्ट्रासाऊंड दुबारा करवाने पर 4 रोगियों में कोई पथरी नहीं पाई गई तथा 29 रोगियों में या तो पथरी के आकार में कमी आई या कई पथरियों के स्थान पर एक अथवा कुछ पथरियां रह गई। 229 रोगियों में व्यक्तिनिष्ठ एवं वस्तुनिष्ठ लक्षणों में सुधार के साथ–साथ अतिपाती दौरों की बारम्बारता, तीव्रता एवं अवधि में भी कमी आई।

15. जठर शोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

यह अध्ययन नैदानिक अनुसंधान इकाई, इम्फाल में अक्तूबर 1987 से चल रहा है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष के दौरान जठरशोथ के 21 रोगी पंजीकृत किये गये तथा 21 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर सुधार आया।

अवलोकन

इस परियोजना के अंतर्गत पंजीकृत किए गए रोगी दीर्घकालिक जठर शोथ से पीड़ित हैं। इसमें एनाकार्डियम, नक्स वोमिका, तथा आर्सेनिक एल्बम प्रभावकारी रही। इनमें व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों में बहुत राहत मिली तथा 07 रोगियों में कष्टों की पुनरावृति कम तीव्रता में हुई। यह परियोजना जारी रहेगी।

16. जठरांत्र शोथ

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

जठरांत्र शोथ में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

साइनोडोन डैक्टाइलोन, गैम्बोजिया, जलापा, जैट्रोफा, पोडोफाइलम।

यह परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (आदिवासी), इद्दूकी में जारी है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष के दौरान जठरांत्रशोथ के 09 रोगी पंजीकृत किए गए। इनमें से 05 रोगियों में साइनोडान डैक्टाइलान, जलापा एवं पोडोफाइलम दवाओं द्वारा सुधार आया।

17. जियार्डिया रूग्णता

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने जियार्डिया रूग्णता में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका का पता लगाने के लिए नैदानिक अनुसंधान इकाई तिरूपति, नैदानिक अनुसंधान इकाई, गुवाहाटी तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई, पोर्ट ब्लेयर में अगस्त 1997 से एक अध्ययन शुरू किया है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	नये	पुराने
सुधार अनुक्रमणिका :	24	04
– अति सुधार	24	04

अवलोकन

इस रोग के व्यक्तिनिष्ट तथा वस्तुनिष्ट लक्षणों को कम करने में होम्योपैथिक दवाऐं यानि एटिस्टा इंडिका, चाइना, पोडोफाइलम तथा सल्फर उपयोगी रहीं। 24 रोगियों में उपचार के उपरांत जियार्डिया लैम्बलिया लुप्त हो गया। परन्तु यह रोगी अभी अनुवर्तन में है। 04 पुराने रोगी भी अनुवर्तन के लिए आए, उनमें अच्छा खासा सुधार पाया गया। एक चिरकालिक रोग होने की वजह से जियार्डिया–रूग्णता को लम्बे समय तक अनुवर्तन की आवश्यकता है इसलिए यह रोगी उपचाराधीन है। यह परियोजना जारी रहेगी।

(क) सामान्य क्षेत्रों में

18. कृमिरूग्णता

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

कृमिरूग्णता में निम्नलिखित औषधियों के प्रभावोत्पादकता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

चिलोन ग्लैब्रा, सिना, क्युप्रम ऑक्सीडेटम नाइग्रम, एम्बैलिया राइब्स, टयुक्रियम मेरम वेरम तथा थाइमोल।

नैदानिक अनुसंधान इकाई, गुड़गांव में 1980 से यह परियोजना प्रारम्भ की गई है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	नये	पुराने
सुधार तालिका		
– अति	55	02
– मध्यम	47	
उपचाराधीन	07	02
	01	—
		—

अवलोकन

निर्धारित की गई दवाओं में से सिना, क्यूपरम आक्सीडेटम नाइग्रम, एम्बेलिया राईब्स तथा टयूक्रियम सबसे प्रभावकारी होम्योपैथिक औषधियां पाई गई। निर्दिष्ट दवाओं ने कुछ रोगियों में कीड़ों के निष्कासन में भी मदद की। यह परियोजना जारी रहेगी।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

कृमिरूग्णता में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

चिलोन, एम्बैलिया राइब्स, फिलिक्स मास, ग्रेनेटम, कोसो, सेण्टोनिनम, स्किरहिनम, साइनैपिस एल्बा, थायमोल, वेरनोनिया एंथेलमिंटिका।

यह परियोजना सेलम, भरमौर, डिफू, दीमापुर, ईटानगर, जैपोर, खोंगजोम (मणिपुर) तथा गंगटोक स्थित नैदानिक अनुसंधान इकाइयों (आदिवासी) में चल रहीं है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	669
लाभान्वित रोगियों की संख्या	427

अवलोकन

इस वर्ष सबसे ज्यादा प्रभावकारी पायी जाने वाली औषधियाँ निम्नलिखित थीं – सेण्टोनिनम, फिलिक्स मास, सिनापिस एल्बा, ग्रेनाटम, चिलोन तथा वेरनोनिया एंथेल्मिण्टिका। लाभान्वित रोगियों में से 91 प्रतिशत रोगियों को इन्हीं औषधियों से लाभ पहुँचा।

19. यकृतशोथ (बी0)

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मुंबई में अगस्त, 1997 से यह परियोजना शुरू की गई। इसका पूर्वलेख भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की निर्देशक रेखानुसार तैयार किया गया है। इस वर्ष के दौरान कोई भी रोगी पंजीकृत नहीं किया गया।

20. एच.आई.वी. संक्रमण में होम्योपैथिक उपचार का मूल्यांकन

एच.आई.वी एक रिट्रोवायरस है जो मनुष्यों में प्रतिरक्षा उत्पन्न करता है जिससे उपर्जित प्रतिरक्षाहीनता संलक्षण उत्पन्न होता है जिसकी विशेषता बहुत सी अवसरवादी संक्रमणों और/अथवा दुर्दमताओं जैसे कि कैपोसी सार्कोमा और/अथवा नान–हाजकिंस लिम्फोमा का बनना। यह संक्रमण प्रकृति से नष्टकारी है एवं प्राप्त जानकारी के अनुसार इस रोग में मृत्यु दर 90 प्रतिशत है।

1981 में संयुक्त राज्य अमेरिका में एच.आई.वी. के पहले मामले के प्रकाश में आने के बाद से अब तक विश्व भर में लगभग 4 करोड़ लोग एच.आई.वी. से संक्रमित हो चुके हैं। एच.आई.वी./एड्स महामारी से बहुत से देशों, विशेषकर अफ्रीका एवं अफ्रीका के उप सहारा क्षेत्रों में से लैंगिक एवं आर्थिक रूप से उत्पादक लगभग सारी पुरूष आबादी नष्ट हो चुकी है तथा बहुत बड़ी संख्या में अनाथ बच्चे एवं विधवाएँ ही बची हैं। अफ्रीका के उप–सहारा क्षेत्राों में व्यस्कों की मृत्यु का मुख्य कारण एडस है। दक्षिण एवं

मध्य अफ्रीका तथा दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया में एच.आई.वी. संक्रमण की निरन्तर वृद्धि ने विकासशील ससार पर गहरा प्रभाव डाला है। एच.आई.वी. संक्रमण के प्रतिवेदित मामलों में से लगभग 90 प्रतिशत मामले विकासशील देशों मे होने का अनुमान है। बहुत से देशों को अपनी आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिकताओं को संशोधित करना पडा है।

यद्यपि एच.आई.वी. भारत में 1986 में प्रगट हुआ, जो कि विश्व के अन्य हिस्सों की तुलना में एक विलंबित प्रवेश था, परन्तु देश के विभिन्न हिस्सों में इसका फैलाव बहुत तेजी से हुआ। नेशनल एडस कन्ट्रोल आर्गेनाइजेशन (एन.सी.ओ.) के अनुमान अनुसार वर्ष 1999 के अंत तक देश में लगभग 3.7 मिलियन लोग एच.आई.वी. से संक्रमित हो चुके है।

संक्रमित रोगियों में से अधिकांश आजकल अलाक्षणिक अवस्था में से गुजर रहे हैं और आने वाले वर्षों में उनमें नैदानिक तौर से सक्रिय एच.आई.वी. रोग विकसित हो जाएगा। विश्वभर में एच.आई.वी./एडस विश्वमारी के नियन्त्रण को दिये जा रहे महत्व को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा क्षेत्र के सभी साधनों को इकट्ठा करके इस्तेमाल में लाया जा रहा है। केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्णय की पालना करते हुए 1989 में एक प्रायोगिक अनुसंधान अध्ययन प्रारम्भ किया जिसका उद्देश्य यह जानना है कि जो होम्योपैथिक औषधियां रोगाणुओं के संक्रमण को रोकने में प्रभावकारी रही है, क्या एच. आई.वी. के सक्रंमण के उपचार एवं नियन्त्रण में उनकी कोई भूमिका है।

यह अध्ययन होम्योपैथिक क्षेत्रीय अनुसंधान मुम्बई में मई,1989 से तथा होम्योपैथिक नैदानिक अनुसंधान इकाई, चेन्नई में अक्टूबर 1991 से "एच.आई.वी. संक्रमण में होम्योपैथिक चिकित्सा का मूल्यांकन" के उद्देश्य के साथ प्रारम्भ किया गया। वर्ष 1993–94 में परिषद् के मुख्यालय, नई दिल्ली में एच.आई.वी./एडस के अनुसंधान में भाग ले रहे अन्य संगठनों द्वारा भेजे गए एच.आई.वी. से संक्रमित रोगियों का उपचार भी प्रारम्भ किया गया। प्रायोगिक अध्ययन के दौरान प्राप्त परिणामों ने मुम्बई 1995–97 में एक रैन्डमाइजड प्लैसिबो कन्ट्रोल अध्ययन करने को प्रोत्साहित किया। कुल मिला कर दोनों साथ–साथ चल रहे अध्ययनों में 100 रोगियों का अध्ययन किया गया। इसके परिणामों की सूचना एवं प्रकाशन पहले से ही ब्रिटिश होम्योपैथिक जर्नल (1999) में किया जा चुका है।

इस संक्रमण की असंक्रामक प्रकृति को तथा अधिकतर रोगियों में नैदानिक लक्षणों की अनुपस्थिति को ध्यान में रखते हुए इन रोगियों का बहिरंग रोगी विभाग में उपचार किया जा रहा है। इन रोगियों की परिचर्या करते समय आवश्यक सुरक्षा सावधानियों (जिनकों सर्वत्र प्रयोग में लाया जाता है) का प्रयोग किया गया। अध्ययन किए जाने वाले पंजीकृत रोगियों को, उनकी प्रतिरक्षा स्थिति, संक्रमण के विभिन्न पहलुओं के बारे में तथा सामाजिक, निजी एवं शारीरिक गतिविधियों में ली जाने वाली सावधानियों के बारे में परामर्श दिया गया।

2000–2001 वर्ष से पूर्व किये गये कार्य का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च, 2000 तक एच. आई.वी. से संक्रमित 979 रोगियों को अध्ययन के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया। इनमें से 405 को होम्योपैथिक क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान मुम्बई, 491 को नैदानिक अनुसंधान इकाई, चेन्नई तथा 83 को नई दिल्ली में (1993 से लेकर मार्च 2000 के दौरान) पंजीकृत किया गया। पंजीकृत किए गए सभी रोगी दोहराए गए एलीसा के लिए प्रतिक्रिय थे। 342 रोगियों की पुष्टि वैस्ट्रन ब्लाट/इनोलिया परीक्षण द्वारा भी की गई।

वर्ष 2000–2001 की उपलब्धियाँ

वर्ष 2000–2001 के दौरान 153 रोगी पंजीकृत किये गये जिनमें से 66 रोगी क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मुंबई में, 43 रोगी नैदानिक अनुसंधान इकाई, चैन्नई में तथा 44 रोगी नई दिल्ली में पंजीकृत किये गये। रोगियों तथा उनके परिवार के सदस्यों से पूछताछ द्वारा पता लगाए गए संक्रमण ग्रहण करने के संदिग्ध तरीके इस प्रकार है (सारणी–1)

सारणी–1 एच.आई.वी. सकंमण ग्रहण करने के मार्ग तथा तरीके – 2000–2001

संचारण के ढंग	रोगियों की संख्या
यौन संबंध	
– असामान्य लैंगिक संबंधों से (इतरलिंगी)	138
– समलैंगिकं संबंधों से	02
रक्त/रक्त उत्पाद आधान	02
संक्रमित सुइयों एवं सिरिंज से	—
मातृ भ्रूण	07
अन्य (अनिश्चेय)	04
योग	153

सारणी – 2 नैदानिक स्थिति दर्शाता हुआ – 2000–2001

सी.डी.सी. वर्गीकरण/नैदानिक स्थिति स्तर		पंजीकरण के समय
अवस्था – 1	सीरो कनवर्जन	—
अवस्था – 2	अलाक्षणिक	105
अवस्था – 3	स्थायी व्यापक लसीका पूर्व विकृति	09
अवस्था – 4	(क) एड्स संबंधित का।म्पलैक्स (आक्र)	39
अवस्था – 4	(ख) आक्र या एड्स के साथ स्नायुविक लक्षण	–
अवस्था – 4	(ग) अवसरवादी संक्रमण	–
अवस्था – 4	(घ) दुर्दमता	–
अवस्था – 4	(ड.) अन्य रोग स्थितियाँ	–
	योग	153

सैंटर्स फार डीसीज कन्ट्रोल, अटलांटा, यू.एस.ए.

इनमें से 105 रोगियों, जो अलाक्षणिक थे, का उपचार उन होम्योपैथिक औषधियों से किया गया जिनका रोगजनन रोगियों के अन्तर्निष्ठ स्वाभाविक गुणों (मानसिक/भावात्मक तथा शारीरिक) से मेल खाता था। 48 रोगी लाक्षणिक अवस्था यानि पी.जी.एल. –9 तथा ए.आर.सी.–39 के विशेषतासूचक नैदानिक लक्षणों के साथ उपस्थित हुए। उनका उपचार विद्यमान लक्षणों के आधार पर किया गया।

परिणाम

मई 1989 से मार्च 2001 के दौरान एच.आई.वी./एड्स के अध्ययन के अन्तर्गत पंजीकृत 1132 रोगियों मे से 695 को अध्ययन से अलग कर दिया गया। यहां अध्ययन में चल रहे 437 रोगियों पर विचार किया गया है।

437 रोगियों में से मुम्बई तथा नई दिल्ली में पंजीकृत और नियमित अनुवर्तन में चल रहे 232 रोगियों का विवरण यहां दिया गया है। इन 232 रोगियों में से 135 प्रविष्टि के समय अलाक्षणिक थे। इनमें से 44 में संक्रमण के विकसित होने के लक्षण पाए गए है। 40 रोगी लम्बे समय तक अनुवर्तन के लिए नहीं आए जिससे उनकी अवस्था का पता लगाना मुश्किल हो गया। ए.आर.सी. के एक रोगी में एडस विकसित हो गया। पिछले वर्ष में ए.आर.सी. में पंजीकृत 67 रोगियों में से 10 मे अध्ययन के दौरान सुधार आया।

सारणी – 3 232 रोगियों की प्रविष्टि तथा सूचना देते समय नैदानिक स्थिति

सी.डी.सी. वर्गीकरण/नैदानिक स्थिति		पंजीकरण के समय	अध्ययन के दौरान
अवस्था – 1	सीरो कनवर्जन	–	–
अवस्था – 2	अलाक्षणिक 136	91	
अवस्था – 3	स्थायी व्यापक लसीका पर्व विकृति (पी.जी.एल.)	29	44
अवस्था – 4	(क) एड्स संबंधित काम्पलैक्स (आक्र)	67	56
अवस्था – 4	(ख) आक्र या एड्स के साथ स्नायुविक लक्षण	–	–
अवस्था – 4	(ग) अवसरवादी संक्रमण (एड्स के साथ)	–	01
	(ध) दुर्दमता	–	–
	(ड.) अन्य अवस्थाऐं (ब्यौरा नहीं दिया गया)	–	–
	असूचित (अनियमित अनुवर्तन)	–	40
	योग	232	232

ये आंकडे मुंबई तथा नई दिल्ली में हुए अध्ययन से संबधित है। चैन्नई के आंकडे उपलब्ध नहीं हैं।

होम्योपैथिक औषधियाँ जो प्रभावकारी पाई गई

निम्नलिखित होम्योपैथिक औषधियाँ अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई :

एलोज़, एंटीमोनियम क्रूडम एंटीमोनियम आर्स, अर्जेन्टम नाइट्रिकम, आरम मैट, ब्रायोनिया, कार्बो वेज, कार्सिनोसिन, कोक्यूलस, क्यूपरम मटैलिकम, फैरम मैट, जैलसिमियम, ग्रेफाइटस, ख्वैकम, इपिकाक, लीडम पाल, नैट्रम फास, रयूमैक्स, सीपिया, सैन्न्यूलेरिया कैन, वेरैट्रम एल्बम, आर्सेनिकम एल्बम, बैलाडोना, कैल्केरिया कार्बोनिका, कैल्केरिया फॉस्फोरिकम, कैल्केरिया सल्फयुरिकम, कैन्थरिस, कास्टिकम, चाईना आफिसिनेलिस, हिपर सल्फ्यूरिकम, काली बाइक्रोमिकम, काली कार्बोनिकम, लैकेसिस, लाईकोपोडियम क्लेवेटम, मैडोरिनम, मक्रयुरियस सोल्युविलिस, नैट्रम म्युरियाटिकम, नैट्रम सल्फयुरिकम, नाईट्रिक एसिडम, नक्स वोमिका, फॉस्फोरस, पल्सैटिला, रहस टॉक्सीकोडेन्डरान, साईलिशिया, सल्फर, सिफिलिनम, थुजा आक्सीडेन्टिलिस एवं टयुर्बकुलाइनम।

औषधियों को 30 से लेकर 10 एम. पौटेन्सी तक दिया गया तथा मात्रा निर्धारण पौटेन्सी के आधार पर और रोगी की उम्र तथा रोग अवस्था के आधार पर किया गया।

चर्चा एवं अवलोकन

इस क्रम में यह दृष्टिगत् हुआ है कि जो रोगी अन्य संक्रमणों जैसे मुखी कैंडिडा, खांसी, कमजोरी, वजन का कम होना, दस्त इत्यादि से पीड़ित थे, उनमें होम्योपैथिक चिकित्सा से सुधार हुआ है। जो रोगी लक्षणरहित एच.आई.वी. संक्रमण के अंतर्गत पंजीकृत हुए. वे तीन से आठ साल की अवधि से लक्षणरहित चल रहे हैं।

एक और कारण जो विशेषतया नई दिल्ली में पंजीकृत रोगियों की भावनात्मक तथा शारीरिक तंदरूस्ती को प्रभावित करता देखा गया, वह था उनके चिकित्सक द्वारा दिया जा रहा सतत मनोवैज्ञानिक बल। जो लोग अपने रोग की स्थिति के बारे में लम्बी वार्ता में सम्मिलित हुए और उन्होंने यह मालूम किया कि उनके लिए क्या लाभदायक है, क्या नहीं, वो लोग शारीरिक व मानसिक रूप से स्थिर तथा एच. आई.वी. के रोगियों को होने वाले किसी भी संक्रमण से मुक्त बने रहे हैं। अभी तक होम्योपैथिक दवाओं का कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं देखा गया है। अभी तक के प्राप्त परिणामों से यह संकेत मिलता है कि लक्षणरहित एच.आई.वी. संक्रमण में तथा एच.आई.वी. से संबधित नैदानिक परिस्थितियों का संचालन करने में होम्योपैथिक दवाऐं एक निश्चित भूमिका अदा करती है। यह सब जांच परिणाम एच.आई.वी. से संक्रमित रोगियों के जीवन स्वरूप को सुधारने, इस संक्रमण को रोकने तथा इसकी प्रगति में बाधा डालने में होम्योपैथिक दवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हैं। आज इन्हीं तर्कों को एच.आई.वी. रोग के विरूद्ध प्रभावशाली चिकित्सा साधन विकसित करने में महत्व दिया जा रहा है।

भावी योजना

एक समान पूर्वलेखन तथा प्रयोगशाला जांच पड़ताल के साथ एक बहुकेन्द्रीय अध्ययन की योजना बनाई जा रही है।

21. अति निम्न घनत्व लाईपोप्रोटीनिमिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

अति निम्न घनत्व लाईपोप्रोटीनिमिया में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में अप्रैल, 1992 से एक अध्ययन शुरू किया गया है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	30	32
सुधार अनुक्रमणिका :		08
– अति सुधार	02	15
– मध्यम सुधार	08	09
– अल्प सुधार	15	–
असूचित	03	–
उपचाराधीन	02	

अवलोकन

जैसा कि निम्नलिखित सारणी से स्पष्ट है, अध्ययन से प्राप्त परिणाम उत्साहवर्द्धक हैं तथा अति निम्न घनत्व लाईपोप्रोटीनिमिया के उपचार में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता को पुष्टि करते हैं। नैदानिक रोगात्मक प्राप्तियो में सुधार के साथ–साथ अन्य सम्बद्ध कष्टों से भी राहत मिली जिससे सामान्य स्वास्थ्य लाभ हुआ। एग्रोमा अगस्टा, ब्रायोनिया, कैल्केरिया कार्बोनिकम, लाइकोपोडियम, नक्स वोमिका, पल्सैटिला तथा सल्फर प्रभावकारी औषधियाँ रहीं। यह परियोजना जारी है।

	रोगियों की संख्या	
	उपचार पूर्व	उपचार पश्चात्
कुल ट्राईग्लिसराइडस 170 मि.ग्रा./100 मि.ली. से अधिक	48	32
कुल कोलेस्ट्राल 200 मि.ग्रा./डे.लि. से अधिक	53	29
एल.डी.एल. 150 मि.ग्रा./100 मि.ली. से अधिक	12	07
वी.एल.डी.एल. 50 मि.ग्रा./100 मि.ली. से अधिक	08	06
एच.डी.एल. 35 मि.ग्रा./100 मि.ली से कम	02	02

22. उच्च रक्तचाप

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

यह परियोजना अप्रैल 1990 से औषधि मानकीकरण इकाई, हैदराबाद की विस्तार इकाई में चल रही है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	नये	पुराने
सुधार अनुक्रमणिका :	21	68
– अति सुधार		
– मध्यम सुधार	—	
– अल्प सुधार	—	13
यथापूर्व स्थिति	04	21
उपचाराधीन	—	18
	17	08
		08

अनुवर्तन में चल रहे रोगियों की सुधार तालिका

		नये
(अ)	केवल होम्योपैथिक औषधियां	12
	सुधार :	
	अति	06
	मध्यम	04
	निम्न	01
	असंशोधित	01
(ब)	होम्योपैथी के साथ–साथ एलोपैथी/अन्य औषधियां भी जारी रखने का परामर्श	56
	सुधार :	
	अति	07
	मध्यम	17
	निम्न	17
	असंशोधित	07
	काफी सुधार के बाद स्थायी	08

अवलोकन

पिछले 1 साल से लेकर 8 साल 7 माह से अनुवर्तन में चल रहे 68 रोगियों, जिनका पूर्व रक्तचाप प्रकुंचन 130 से 170 मि.मी. मरकरी तथा अनुशिथिलन 90 से 110 मि.मी. मरकरी था, में से 13 रोगियों का रक्तचाप अब सामान्य श्रेणी में पाया गया है अर्थात प्रकुंचन 130 से 160 मि.मी. मरकरी तथा अनुशिथिलन 80 से 100 मि.मी. मरकरी। 10 रोगियों में से जो होम्योपैथिक औषधियों के साथ एलोपैथिक औषधियाँ भी ले रहे थे, एलोपैथिक औषधियां हटा ली गई है और 16 रोगियों में एलोपैथी दवाओं की मात्रा कम हो गई।। एलियम सेटाईवम, बेरिटा म्युरियाटिकम, ब्रायोनिया, लाइकोपोडियम, एल्सैटिला, रावोल्फिया सर्पेन्टीना तथा स्पार्टियम आदि होम्योपैथिक औषधियाँ प्रभावकारी पाई गई। यह परियोजना जारी है।

23. विरामी ज्वर

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत नैदानिक अनुसंधान इकाई, पोर्ट ब्लेयर में 1989 से तथा होम्योपैथिक अनुसंधान इकाई, जयपुर में 1993 से परिषद् ने यह परियोजना शुरू की। विरामी ज्वर में अत्यंत प्रभावकारी पायी जानी वाली औषधियों की विश्वस्त संकेतों के साथ पहचान की गई। बाद में यह अध्ययन औषधोन्मुखी परियोजना के रूप में चलाया गया किन्तु 1997–98 से, के.हो.अ.प. की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 29वीं बैठक में दिए गए सुझावानुसार इस परियोजना का रूपान्तरण कर दिया गया है और अब यह अध्ययन हैनिमन संकल्पना अनुसार निम्नलिखित तरीकों से किया गया जा रहा है :

(1) छुटपुट या महामारी

(2) दलदल रहित क्षेत्रों में महामारी

(3) घातक विरामी ज्वर (दलदल रहित क्षेत्र)

(4) दलदल वाले क्षेत्रों में स्थानिक मारी

वर्श 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	103	52
सुधार अनुक्रमणिका :		
अभिसाधित		
– अति सुधार	11	15
– मध्यम सुधार	43	19
– अल्प सुधार	30	15
	19	03

अवलोकन

अध्ययन के दौरान यह देखा गया कि 90 प्रतिशत पंजीकृत रोगी छुट–पुट प्रकार के विरामी ज्वर से पीड़ित थे। आर्सेनिकम एल्बम, चाइना आफिसिनेलिस, नेट्रम म्यूरिएटिकम इत्यादि बहुविध उपयोगी औषधियों के साथ–साथ स्वदेशी औषधियां जैसे अमूरा रोहितिका, जेनसियाना, निक्टेन्थेस एरबोर्ट्रिस्टिस तथा सिसलपेनिया बोंड्यूसेला ने भी सकारात्मक परिणाम दिखाएं है किन्तु इसको और अधिक सत्यापन की आवश्यकता है। यह परियोजना जारी है।

24. लौह अल्पताजन्य अरक्तता

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

लौह अल्पताजन्य अरक्तता में सबसे प्रभावकारी औषधियों को विकसित करने के लिए परिषद ने क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में अप्रैल 1992 से जून 2000 तक अध्ययन किया। कुल 223 रोगी पंजीकृत किये गये जिनमें से 185 स्त्रियां थी और उनमें से 160 प्रजनक उम्र की थी। 121 रोगियों में अपर्याप्त आहार, 82 रोगियों में मासिक रक्त हानि तथा 20 रोगियों में पारजैविक जन्तु बाधा की वजह से यह अरक्तता थी। रोग निदान नैदानिक लक्षणों एवं वैकृत प्राप्तियों के आधार पर किया गया, आने वाले 172 रोगियों में से 60 में अच्छा खासा, 42 में मध्यम एवं 31 में निम्न स्तर पर सुधार आया तथा 39 रोगियों में कोई सुधार नहीं आया। 18 रोगियों में हीमोग्लोबिन 4 ग्राम प्रतिशत, 6 रोगियों में 3 ग्राम प्रतिशत, 48 रोगियों में 2 ग्राम प्रतिशत एवं 27 रोगियों में 1 ग्राम प्रतिशत तक बढ़ गया। नैट्रम म्यूरैटिकम , पल्सटीला, फासफोरस, चाईना, फैरम मटैलिकम, कैल्केरिया कार्बोनिका, फैरम फासफोरिकम तथा एम्बेलिया राईब्स प्रभावकारी औषधियां रही। प्रतिक्रिया दिखाने वाले रोगियों में उपचार की अवधि 1 से 5 महीने थी।

25. क्षुब्ध वृहदान्तर संलक्षण

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में अप्रैल1992 से तथा नैदानिक अनुसंधान ईकाई पोर्ट ब्लेयर में 1998 –99 से इस परियोजना पर अध्ययन चल रहा है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये
रोगियों की संख्या	25
सुधार अनुक्रमणिका	
– अति सुधार	10
– मध्यम सुधार	08
– अल्प सुधार	07

अवलोकन

वर्ष 2000–2001 के दौरान 25 नये रोगी अध्ययन के लिए पंजीकृत किए गए। रोग के व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों का नियंत्रण करने में होम्योपैथिक चिकित्सा प्रभावकारी साबित हुई है हालांकि इसका रोगात्मक सत्यापन करना अभी बाकी है होम्योपैथिक औषधियां जैसे अर्जेन्टम नाइट्रिकम, नक्स वोमिका तथा फासफ़ोरस प्रभावकारी पाई गई है। यह परियोजना जारी है।

26. जापानी इन्सेफलाइटिस/मस्तिष्क ज्वर

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

पूर्वी उत्तरप्रदेश के गोरखपुर जिले (जहां जापानी मस्तिष्क ज्वर स्थानिक मारी है) में दिसंबर 1997 से प्रारंभिक एवं नियंत्रित अध्ययन शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य के.हो.अ.प. द्वारा 1991 में किए गए अध्ययन को ध्यान में रखते हुए, जापानी इंसेफलाइटिस में रोगरोधक के रूप में बैलाडोना 200 के प्रभाव को देखना है। इस अध्ययन के लिए एक अनुसंधान पूर्वलेख सूत्रबद्ध किया गया है।

यह अध्ययन शुरूआत में दो गाँवों तक ही सीमित था। (जहाँ पिछली महामारियों में जापानी इंसेफलाइटिस का घनत्व बहुत ज्यादा था)। सभी स्कूली बच्चों को (जो अन्तर्वेशन तथा अपवर्जन मापदण्ड के भीतर आते थे) रोग की चरणसीमा वाले मौसम के एक महीने पहले रोगनिरोधक दवा बैलाडोना 200 की एक खुराक/साप्ताहिक/मासिक दी गई। एक साथ दो पड़ौसी गांवों का (नियंत्रण के रूप में) सर्वेक्षण किया गया। दोनो वर्षों में 3 महीने तक नियमित रूप से साप्ताहिक अनुवर्तन किया गया। इस अवधि में 1439 बच्चे नियंत्रण के रूप में थे तथा 2043 को रोगनिरोधक दिया गया। किसी में भी अनुवर्तन के दौरान संक्रमंण नहीं पाया गया। इस अवधि में महामारी फैलने के दौरान गौंडा जिले में खसरा एवं छोटी माता के उपचार के लिए एक दल पहुंचा। बाह्य रोगी विभाग में विभिन्न बीमारियों के 1484 रोगी अंकित किए गए तथा उन्हें लक्षणानुसार उपचार दिया गया। आम जनता की जानकारी के लिए एक हिन्दी की लघु पुस्तिका का प्रकाशन भी इकाई द्वारा किया गया जिसमें रोग के कारणों, वाहक, रोग फैलने के तरीकों, मच्छर के विकसित होने के स्थान, मच्छर के काटने के कितने दिन बाद रोग के लक्षण दिखाई देते हैं, बचाव के साधनों, होम्योपैथिक रोग निरोधक दवा लेने के तरीको इत्यादि का विवरण था।

किसी निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए यह आँकड़े पर्याप्त नहीं है। हो सकता है कि और महामारी रिपोर्टों से बैलाडोना की प्रतिरोधक उपयोगिता का सत्यापन हो जाए। यह परियोजना जारी रहेगी।

27. मलेरिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

राष्ट्रीय स्वास्थ्य की दृष्टि से इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने 1979 से होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, ज... में यह अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किया है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	101	87
सुधार अनुक्रमणिका :		
अभिसाधित	17	14
सुधार		
– अति सुधार	41	33
– मध्यम सुधार	24	25
– अल्प सुधार	14	15

अवलोकन

संस्थान में पंजीकृत किए रोगियों में से मलेरिया के अधिकांश रोगी प्लाज्मोडियम वाइवैक्स से ग्रसित थे। एल्सटोनि... कंस्ट्रिक्टा, आर्सेनिक एल्बम, सिसलपेनिया बोंड्यूसेला, चाइना आर्सेनिकोसम, नेट्रम म्यूरिएटिकम तथा निक्टेन्थेस एब्रोटि... सबसे अधिक प्रभावकारी पाई गई। यह देखा गया कि मलेरिया के नूतन आक्रान्तों में उपचार से शीघ्र प्रतिक्रिया मिली और ... रोगियों में पहले क्लोरोक्विन दवा दी गई थी, उनमें देर से प्रतिक्रिया मिली। यह परियोजना जारी है।

(ख) जनजातीय क्षेत्रों में

मलेरिया में निम्नलिखित औषधियों का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन:

एल्सटोनिया कंस्ट्रिक्टा, एमूरा रोहिताका, अरेनिया डायडेमा, चिनिनम सल्फ्युरिकम, चिरैता, ल्यूफा बिंडल, मलेरिया आफिसिनेलि... ओस्ट्रिया वर्जीनिका, ट्राइकोसैन्थेस डियोका, वाइटेक्स नेगुंडो। नैदानिक अनुसंधान इकाईयों (जनजातीय) आइजाल तथा जी... इस परियोजना पर कार्य चल रहा है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	76
लाभान्वित रोगियों की संख्या	44

अवलोकन

निर्धारित औषधियों के समूह में से चिनिनम सल्फ्युरिकम, चिरैता, एल्सटोनिया कंस्ट्रिक्टा, एरेनिया डायडेमा तथा मलेरिया आफिसिनालिस आदि होम्योपैथिक औषधियाँ अधिकतम प्रभावकारी पाई गई तथा लाभान्वित रोगियों में से 88 प्रतिशत रोगियों को इन औषधियों से लाभ पहुँचा।

28. मानव भ्रूण की कुस्थिति

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(व) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

मानव भ्रूण की कुस्थिति को सही करने में पल्सटीला नाइग्रा 200 की प्रभावोत्पादकता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन करना।

प्रसूति–विज्ञान के क्षेत्र में होम्योपैथिक दवाओं के बहुत उपयोगी होने के बारे में कहा गया है विशेषतया पल्सेटीला नाइग्रा, जो कि मुख्य तौर पर एक स्त्री औषध है, के मानव भ्रूण की कुस्थिति को सही करने की सामर्थ्य रखने के बारे में सूचना मिली है। परिषद् ने इस बारे में वैज्ञानिक अध्ययन करने के लिए नैदानिक अनुसंधान इकाई, वाराणसी में यह परियोजना प्रारम्भ की है जहां सभी अनुसंधान संबधी रोगी आधुनिक चिकित्सा के परामर्शदाताओं द्वारा भेजे जाते है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	30
औषधि	पल्सैटिला निग्रा 200
खुराक	गर्भावस्था के 28वें सप्ताह के बाद
	सप्ताह में दो खुराक
सुधार अनुक्रमणिका :	
– प्रतिक्रिया दिखाई दी	06
– कोई प्रतिक्रिया नहीं	12
– असूचित	05
– उपचाराधीन	07

अवलोकन

अध्ययन के दौरान पाया गया कि 30 में से 06 रोगियों में मानवभ्रूण की कुस्थिति को सही करने में पल्सैटिला 200 प्रभावकारी रही है। पाए गए यह परिणाम उपयोगी हैं तथा इसके प्रयोग के लिए उपलब्ध संकेतों को पुष्ट करते हैं। और निर्देश देते है कि शल्यक्रिया करने से पहले भ्रूण की कुस्थिति को सही करने के लिए परीक्षण किया जा सकता है। किंतु इन परीक्षणों के पहले इसके बार–बार सत्यापन की आवश्यकता है। यह परियोजना जारी है।

29. अतिरज

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

अतिरज में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावोत्पादकता का अध्ययन करना :

फाईकस रेलिजियोसा, ईरिजरोन, जेरेनियम मेक्यूलेटम, लेडम पाल, थलैस्पी बर्सा पैस्टोरिस तथा ट्रिलियम पेंडुलम। यह अध्ययन वर्ष 1987 से नैदानिक अनुसंधान इकाई, वाराणसी में प्रारम्भ किया गया है।

वर्ष 2000–2001 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	38
खुराक	15 दिनों तक रोज 5 से 8 बूंद दिन में तीन बार तथा अगले तीन माह तक हर महीने में 15 दिनों के लिए इसी प्रकार सेवन करना।
सुधार अनुक्रमणिका :	
फाइकस रिलिजियोसा	
– सुधार	
– अति	
– मध्यम	07
– निम्न	09
– असंशोधित	03
– असूचित	03
– उपचाराधीन	05
जैरेनियम मैक्यूलेटम	02
– सुधार	
– अति	
– मध्यम	06
– निम्न	04
– असंशोधित	05
– असूचित	04
– उपचाराधीन	04
थलैस्पी बरसा पैस्टोरिस	01
– सुधार	
– अति	
– मध्यम	08
– निम्न	05
– असंशोधित	04
– असूचित	04
– उपचाराधीन	04
ट्रिलियम पैन्डुलां	01
– सुधार	
– अति	
– मध्यम	
– निम्न	02
	01
	02

अवलोकन

